नई दिल्ली
मंगलवार, 13 मई 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा
वर्ष : 29, अंक : 28
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


राफेल पर फ्रांस के बयान से हिल जाएगा पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने की प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम दिए संबोधन की सराहना





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने सोमवार को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच हुई बातचीत के बाद दिए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना की। देश की सुरक्षा और कूटनीति मामलों से सरोकार रखने वाले केंद्रीय कैबिनेट के दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट कीं। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी पोस्ट में कहा कि राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रख दिया है।

### अब केवल आतंकवाद, पीओके पर होगी बात

*राजनाथ ने अपनी पोस्ट में कहा, पीएम मोदी का संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है। बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक और नैतिक बल की प्रस्तुति भी है। पीएम ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी। तो केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर ही बात होगी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी खुलकर सराहना की है। सेनाओं पर पूरे देश को नाज है। मैं प्रधानमंत्री को उनके सशक्त नेतृत्व के लिए धन्यवाद देता हूं।*

### पीएम का प्रेरणादायक संबोधनः जयशंकर

*विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि आज की शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र का नाम प्रेरणादायक संबोधन #ऑपरेशन सिंदूरः एक वादा पूरा हुआ, शक्ति से शांति, कार्य से शक्ति। जय हिंद, जय भारत।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र को संबोधन

# पाकिस्तान को प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक, आतंक का खात्मा करो... नहीं तो अंजाम को तैयार रहो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



**अब पाकिस्तान से केवल पीओके पर बात होगी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को दो टूक चेताया कि अगर आतंकी हमले की कोशिश फिर से की तो मुंहतोड जवाब दिया जाएगा। उन्होंने 'आपरेशन सिंदूर' को फिलहाल स्थगित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इसका मतलब ये नहीं कि आतंक के खिलाफ आपरेशन बंद कर दिया गया है। ऐसा हरगिज नहीं है। भारत आतंक के खिलाफ निर्णायक युद्ध लडने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को आतंकियों को पनाह देने और पहलगाम जैसे हत्याकांड को अंजाम देने वालों को सरपरस्ती देने वाले पाकिस्तान को बार बार चेताया कि ऐसा करने से वे बाज आएं। वरना अंजाम भुगतने को तैयार रहें। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब पाकिस्तान से केवल पीओके पर बात होगी। आतंक के खात्मे पर बात होगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। अपने 22 मिनट के संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने देश की सेना, वीर जवानों को दो बार सैल्युट कर उनकी बहादुरी के लिए सैल्युट किया। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को आतंक के खिलाफ खबरदार करते हुए उन्होंने कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता। आतंक और व्यापार एकसाथ नहीं चल सकता। टीवी के माध्यम से देश से रूबरू हुए नरेंद्र मोदी का बॉडी लैंग्वेज बेहद सख्त था। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहलगाम घटना में आतंकवाद का सबसे घिनौना चेहरा देखा जब परिजनों के सामने घूमने आए मासूम लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई। उनकी पत्नी का सिंदूर उजाडा गया। धर्म पूछ कर मारा गया। उन्होंने कहा उन्हें इस घटना से व्यक्तिगत रूप से पीडा पहुंची है। पीएम मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकांश पर्यटक और हिंदू थे। उन्होंने इसे बर्बरता करार दिया, जिसने देश और दुनिया को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने परिवारों के सामने मासूम लोगों को गोली मारी, जिसने भारत की संवेदनाओं को आहत किया। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को न्याय की अटूट प्रतिज्ञा और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक बताया। इस ऑपरेशन में भारतीय सशस्त्र बलों ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, और हिजबुल मुजाहिदीन के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। उन्होंने सेना, खुफिया एजेंसियों, और वैज्ञानिकों की बहादुरी और समन्वय की सराहना की। विशेष रूप से, उन्होंने इस ऑपरेशन को माताओं, बहनों, और बेटियों" को समर्पित किया, जो आतंकवाद से प्रभावित होती हैं। पीएम ने दोहराया कि भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने कहा, यह युद्ध का युग नहीं है, लेकिन यह आतंकवाद का युग भी नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, और सेना को आतंकियों को खत्म करने की पूरी छूट दी गई है। उन्होंने कहा, हर आतंकी और आतंकी संगठन अब जानता है कि हमारे माताओं, बहनों, और बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होगा। मोदी ने पाकिस्तान को राज्य प्रायोजित आतंकवाद का समर्थक बताते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारियों द्वारा मारे गए आतंकियों को दी गई विदाई पाकिस्तान की गंदी सच्चाई को उजागर करती है। पीएम ने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी सुरक्षा चाहता है, तो उसे अपनी धरती से आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा। मोदी ने राष्ट्र की एकता को निर्णायक फैसलों की ताकत बताया और कहा कि जब देश एकजुट होता है, तो बड़े कदम संभव होते हैं। उन्होंने स्वदेशी रक्षा उपकरणों, जैसे ब्रह्मोस मिसाइलों, की तारीफ की, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई ने वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ उसकी मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ किया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 'चेक-इन' बैग से 30 लाख के आभूषण चोरी



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एक दंपति ने दावा किया है कि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके 'चेक-इन' बैग से करीब 30 लाख रुपए मूल्य के आभूषण और 30 हजार रुपए नकद चोरी हो गए। दंपति ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना 26 अप्रैल की सुबह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर हुई। शिकायतकर्ता भगीरथ सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बेंगलुरु पहुंचने के बाद पाया कीमती सामान गायब थे।

### सारंगी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम का प्रभार



**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव संतोष कुमार सारंगी को भारतीय सौर ऊर्जा निगम के चेयरमैन एवं सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वह नियमित पदाधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी को एसईसीआई के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दी गई है।

### सांसद श्रीहरिकोटा से पृथ्वी उपग्रह का प्रक्षेपण देखेंगे



**नई दिल्ली।** भारत श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से एक पृथ्वी इमेजिंग उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति में शामिल सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 18 मई को सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर उपग्रह प्रक्षेपण देखेंगे। ॉयान के जरिए होने वाले ईओएस-09 उपग्रह के प्रक्षेपण का साक्षी बनेगा। 'सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार' से लैस ईओएस-09 मौसम की सभी परिस्थितियों में किसी भी समय पृथ्वी की सतह की 'उच्च-रिजॉल्यूशन' वाली तस्वीरें लेने में सक्षम होगा।

संघर्षविराम के बाद सोमवार को हुई भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ की बातचीत का निष्कर्ष

# बॉर्डर पर नहीं होगी गोलीबारी, आक्रामकता से बचाव संग घटाया जाएगा सैन्य जमावड़ा


## बॉर्डर पर शांति की पहली रात, रविवार को नहीं हुई कोई गोलीबारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 10 मई को हुए संघर्षविराम के बाद सोमवार को भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर बातचीत हुई। भारतीय सेना ने बताया कि 12 मई को दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच शाम 5 बजे बातचीत हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने निरंतरता और प्रतिबद्धता के साथ सीमा (एलओसी-आईबी सहित) पर एक भी गोली न चलाने और एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामकता के साथ कोई प्रतिकूल कदम न उठाने के मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों ने यह भी तय किया कि भारत-पाकिस्तान सीमा और अग्रिम मोर्चों से सैन्य जमावड़े जैसे जवानों की तादाद घटाने के लिए तत्काल कदमों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले भारत-पाक डीजीएमओ की यह वार्ता 12 मई की दोपहर 12 बजे होने वाली थी। लेकिन बाद में शाम पांच बजे हुई। उधर, जम्मू-कश्मीर में सांबा के पास कम संख्या में कुछ संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिए, जिन्हें तुरंत कार्रवाई के साथ नष्ट किया गया। पिछले सप्ताह शनिवार को संघर्षविराम के साथ गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद 12 मई की डीजीएमओ की यह बातचीत तय की गई थी। पाकिस्तान की तरफ से हालांकि 10 मई की रात में ही संघर्षविराम पर सहमति जताने के बाद उसका उल्लंघन करते हुए भारतीय सैन्य ठिकानों, नागरिक स्थानों पर गोलीबारी की थी। लेकिन रविवार 11 मई की रात एलओसी से लेकर पाक के साथ लगे हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा के इलाकों में शांति रही। यह बीते कुछ समय से जारी गोलीबारी के बीच पहली शांत रात थी।

### सेनाओं की प्रेस कांफ्रेंस में गूंजी दिनकर की कविता,रामचरित मानस की चौपाई से लेकर 1970-80 के दशक के क्रिकेट मैच की कहावत...

**समझदार के लिए इशारा काफी, आवश्यकता पड़ने पर तुरंत किसी भी मिशन के लिए तैयारः एयर मार्शल भारती।**




### अब याचना नहीं रण होगा...एयर मार्शल भारती

*एयर मार्शल ए.के.भारती ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता अब याचना नहीं रण होगा और रामचरितमानस की चौपाई 'बिनय ना मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय ना प्रीति' का जिक्र करते हुए सेनाओं का रुख साफ करते हुए कहा कि भारत और उसकी सेनाओं की लड़ाई आतंकवाद, आतंकवादियों के साथ है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। अभियान का पाक सेना से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन जब पाकिस्तान सेना ने आतंकवादियों का पक्ष लेते हुए दखलंदाजी की तो हमें उसे उसके उसका जवाब देना पड़ा। पाक सेना अपने नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार है। हमने पाक वायुसेना के नूर खान, रहीमयारखान समेत कुल 13 एयरफील्ड पर निशाना साधा, दोनों को नुकसान पहुंचाया, रहीमयारखान एयरबेस पर हमारे हमले से बड़ा गड्ढा बन गया है। पाक ने हमले में लड़ाकू विमानों, चीन द्वारा दी गई मिसाइल, लंबी दूरी के रॉकेट, कार्ड कॉप्टर्स (स्वांगर ड्रोन), ड्रोन, लायटर म्यूनिशन और तुर्किये के ड्रोन के प्रयोग किए गए। जिनकी हमारी वायु रक्षा प्रणाली ने परखच्चे उड़ा दिए। उन्होंने कहा, ड्रोन चाहे तुर्किये के हों या कहीं और के, हमने दिखा दिया कि हम किसी भी प्रकार की तकनीक का सामना करने के लिए तैयार हैं। पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब में एयर मार्शल भारती ने राष्ट्रकवि दिनकर की कविता की पंक्तियों, रामचरितमानस की चौपाई का उल्लेख किया।*

### सैन्य अधिकारियों ने पीसी से जता दिए इरादे

*ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी लगातार दूसरी प्रेस कांफ्रेंस (पीसी) में डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती और वाइस एडमिरल ए.एन.प्रमोद ने सोमवार को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक मीडिया को संबोधित किया। पाकिस्तान के पाप का घड़ा भरने के जवाब में की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को हर मोर्चे (जमीनी, हवाई और समुद्री क्षेत्र) पर हुए भारी नुकसान, नष्ट हुए पाक सैन्य हथियारों की मलबे वाली तस्वीरों के साथ हकीकत देश के सामने रखी गई। इसके तुरंत बाद तीनों सेनाओं ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की पंक्तियों 'याचना नहीं अब रण होगा' और उसके बाद रामचरितमानस की चौपाई 'बिनय ना मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय ना प्रीति' व 70-80 के दशक में ऑस्टेलियाई लोगों की क्रिकेट से जुड़ी कहावत 'एशेज टू एशेज एंड डस्ट टू डस्ट, इफ लिली डोंट गेट यू, थॉमो मस्ट' के साथ पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में संदेश दिया गया कि अगर अब भी पाक सेना और उसके पाले हुए आतंकियों द्वारा भारत के खिलाफ कोई हिमाकत करने की कोशिश की गई। तो उसका बिना कोई वक्त गंवाए मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सेना, वायुसेना और नौसेना अपने बहुस्तरीय काउंटर ड्रोन एंड एयर डिफेंस ग्रिड के सुरक्षा कवच और जंगी बेड़े के साथ वर्तमान में भी आवश्यकता पड़ने पर किसी भी मिशन के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

बैठक में रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्ष शामिल हुए

# प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया सुरक्षा हालात का जायजा

भारत की कूटनीतिक-सैन्य तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव के मध्य हुए संघर्षविराम के बाद सोमवार को राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक हुई। जिसका उद्देश्य मौजूदा हालात में भारत की कूटनीतिक-सैन्य तैयारियों और संघर्षविराम के बाद की रणनीति की व्यापक रूप से समीक्षा करना था। यह बैठक हालिया संघर्षविराम और उससे जुड़े हुए भावी मुद्दों पर दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच होने वाली बातचीत से ठीक पहले हुई।

जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों की सेनाओं के बीच जमीनी, हवाई और समुद्री क्षेत्र में जारी जबरदस्त गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल रोकने के लिए पिछले सप्ताह शनिवार को संघर्षविराम हुआ था। जिसका पाक सेना ने शुरुआत में ही गंभीर रूप से उल्लंघन किया।

**पहलगाम के बाद से जारी बैठकें :** पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले (26 लोगों की गई जान) के बाद से प्रधानमंत्री लगातार उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे हैं। जिसमें वह रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों से पृथक और सामूहिक रूप से समूची सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने में लगे हुए हैं। ऐसी ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से सन्यास

# विराट ने कहा- क्रिकेट ने मुझे परखा, मुझे गढ़ा और ऐसी सीख दी जो मैं जीवनभर साथ रखूंगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। कोहली ने अपने भावुक पोस्ट में टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपने जुनून, इस प्रारूप से मिली सीख और अपने 14 साल के शानदार सफर को साझा किया। पिछले कई दिनों खबरें चल रही थी कि कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कह दिया है कि वह लाल गेंद के प्रारूप में आगे नहीं खेलना चाहते हैं। हालांकि, ये भी खबर थी कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी ने उनसे अपने फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए कहा है। लेकिन किंग कोहली ने अपना फैसला नहीं बदला और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए टेस्ट प्रारूप में अलविदा कह दिया। कोहली के नाम टेस्ट में कई रिकॉर्ड दर्ज हैं और वह अपने करियर में कई और उपलब्धियां भी हासिल कर सकते थे। कोहली अगर इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेते तो टेस्ट में कई उपलब्धियां अपने नाम कर सकते थे। कोहली टेस्ट में 10000 रन पूरे करने के करीब थे, लेकिन यह उपलब्धि तक पहुंचने से पहले ही उन्होंने ये प्रारूप छोड़ने का फैसला किया।

**टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बनने का था मौकाः** कोहली के पास टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका था। कोहली ने टेस्ट में 9230 रन बना लिए थे और वह इस प्रारूप में 10000 रन पूरे करने से 770 रन दूर थे। कोहली इस प्रारूप में 10000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बन सकते थे। इतना ही नहीं वह गावस्कर को पीछे छोड़कर भारत के लिए टेस्ट प्रारूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिना जीपीएस के चल रही है डीटीसी की अधिकतर बसें

■ वन ऐप पर भी नहीं दिखती हैं बसें

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के अंतर्गत संचालित अधिकतर बसें बिना ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के दिल्ली की सड़कों पर चल रही हैं। जिसके चलते यात्रियों को बसों के आवागमन की पहले से जानकारी नहीं मिल पा रही है। जबकि दिल्ली सरकार का दावा है कि सभी बसें जीपीएस संचालित है और यात्रियों को बसों की स्थिति की पहले ही जानकारी मिल जाती है, जिसमें यात्रियों को फायदा मिलता और समय भी बचता है। वहीं, जमीनी स्तर पर बता दें कि डीटीसी की कुछ ही बसों की जीपीएस से जानकारी मिल पाती है।

यात्रियों का कहना है कि दिल्ली सरकार की वन ऐप पर नीली एयर कंडीशनर बसों का पता नहीं चल पाता है और कई बार चालक बस स्टैंड पर बिना बस रोके ही चले जाते हैं। वहीं, यात्रियों का कहना है कि क्लस्टर स्कीम की बसें कम हो चुकी है। और यात्रियों को कई जगह लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### लूटपाट का विरोध करने पर किया हमला

# बवाना में लूटपाट के दौरान व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के बवाना इलाके में कथित तौर पर लूटपाट के दौरान 35 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात को तब हुई, जब बवाना के जेजे कॉलोनी निवासी मुस्तफा अपने सहकर्मी नूर आलम के साथ काम से घर लौट रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चाकू लगने से घायल मुस्तफा को वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराने की सूचना रविवार रात बवाना थाने को मिली। पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो उसे बताया गया कि हालत गंभीर होने के कारण पीड़ित को डॉ बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मुस्तफा की उपचार के दौरान मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

शुरुआती पूछताछ में नूर आलम ने पुलिस को बताया कि दोनों बवाना के सेक्टर-3 में काम खत्म करके घर जा रहे थे तभी दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) बवाना इलाके में एन-18 के पास पांच अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया। अधिकारी ने बताया कि अपराधियों ने उनसे लूटपाट की कोशिश की जब मुस्तफा ने विरोध किया तो हमलवारों में से एक ने उस पर चाकू से वार कर दिया। नूर आलम ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। शुरुआत में माना जा रहा था कि यह एक लक्षित हमला था, लेकिन अब पुलिस को संदेह है कि अपराध को लूटपाट की वजह से अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों ने दोनों से कुछ भी नहीं लूटा है लेकिन हो सकता है कि लूटपाट का विरोध करने पर मुस्तफा पर जानलेवा हमला किया गया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत बवाना थाने में मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों की पहचान करने तथा उन्हें पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि आस-पास के स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरों की जांच की जा रही है और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया जा रहा है। आगे की जांच जारी है।

## जहरीले धुएं के कारण एक परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के संगम पार्क इलाके में एक विनिर्माण इकाई में कथित तौर पर जहरीले धुएं के कारण सोमवार को एक परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार संगम पार्क इलाके में 'डीएसआईडीसी शेड' नंबर 63 में बाइक हॉर्न की विनिर्माण इकाई के मालिक हरदीप सिंह सुबह अपनी पत्नी हरप्रीत कौर (38), बेटे जगदीश सिंह (16) और बेटी हरगुल कौर (15) के साथ शेड में पहुंचे थे। बाद में, पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना के संबंध में सूचना मिली जिसके बाद वह वहां पहुंची तो चारों की हालत खराब थी। उसने बताया कि हरदीप सिंह, जगदीश सिंह और हरगुल कौर को हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि हरप्रीत कौर को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को घटना के बारे में तब पता चला जब पीड़ितों में से एक बच्चे ने अपने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि शेड को सील कर दिया गया है और मामला दर्ज किया जा रहा है।

## सीएम ने दिया पत्रकारों के हित में किए वादे पूरे करने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया है। नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) (एनयूजे-आई) अध्यक्ष रास बिहारी और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के अध्यक्ष राकेश थपलियाल के नेतृत्व में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा स्थित सीएम आफिस में प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

एनयूजेआई अध्यक्ष रास बिहारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि दिल्ली में कार्यरत सभी पत्रकारों (मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त) को मुफ्त चिकित्सा सुविधा, पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पेंशन सुविधा मुहैया कराई जाए। इसके अलावा दिल्ली सरकार की प्रत्यायन समिति (एक्रीडिटेशन कमेटी) के पुनर्गठन को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही महिला पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

प्रतिनिधिमंडल में एनयूजे सचिव अमलेश राजू, डीजेए महासचिव प्रमोद कुमार सिंह, एनयूजे महिला प्रकोष्ठ संयोजक प्रतिभा शुक्ला, डीजेए उपाध्यक्ष अनिता चौधरी, एनयूजे चुनाव आयोग चेयरमैन दधिबल यादव, मुकेश वत्स, एनयूजे कार्यकारिणी सदस्य उषा पाहवा और प्रदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## जिस स्कूल में महान हस्तियों ने आकर बढ़ाई शोभा, एमसीडी ने दरवाजों पर कर दी दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की मनमानी के चलते स्कूली बच्चों की सुरक्षा ताक पर रखी हुई है और ऐसा ही एक मामला रोहिणी सेक्टर-20 स्थित बाल विद्या मंदिर मॉडल स्कूल से सामने आया है। इसे लेकर स्कूल प्रशासन ने दिल्ली उपराज्यपाल वी के सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, निगमायुक्त अश्विनी कुमार आदि संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा है। स्कूल के प्रबंधक वीरभान सोलंकी ने बताया कि स्कूल के वार्षिक कार्यक्रमों में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जैसी महान हस्तियों के अलावा गणमान्य लोग भी आए हैं लेकिन एमसीडी ने स्कूल के दरवाजों पर



■ दीवार हटवाने के लिए उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि को लिखा पत्र

दीवार कर दी है, जिसके चलते आपातकालीन समय में सुरक्षा दाव पर रखी हुई है।

### केंद्र और दिल्ली सरकार ने की है वित्तीय मदद

स्कूल प्रबंधक सोलंकी ने बताया कि टैंटों में चलने वाले इस स्कूल की स्थापना 1976 में उनकी खेती बाड़ी की पुश्तैनी जमीन पर हुई थी और पूठकलां, सुल्तान पुरी, बेगमपुर और आसपात के बच्चे पढ़ते थे। 1979 में श्री मुख्तयार सिंह स्मृति शिक्षा समिति के माध्यम से अनेकों सामाजिक कार्य भी किए गए जिसमें भारत सरकार और दिल्ली सरकार ने भी समिति की वित्तीय सहायता से मदद की। स्कूल के वार्षिक कार्यक्रमों में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जैसी महान हस्तियों के अलावा, कुलवन्त राणा, देवेन्द्र सोलंकी, अनिल शर्मा, केसरी सिंह, भरत सिंह, लक्ष्मण सिंह बांगरू आदि ने स्कूली कार्यक्रमों में शोभा बढाई है। पत्र में मांग की गई है कि स्कूल के 900 से अधिक विद्यार्थियों व शिक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय को रास्ता चरता दिया जाए।

### 15 फीट की गली अब रह गई है 8 फीट

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र के अनुसार 1986-87 में डीडीए ने गांव की जमीन अधिकृत की। 1990 में डीडीए ने 3.88 हेक्टेयर जमीन दिल्ली नगर निगम को सफाई कर्मचारी क्वार्टर बनाने के लिए दे दी और इसके बाद स्कूल की दीवार के साथ क्वार्टर बनाए गए। इसके बाद यहां 10 फीट की गली 4 फीट की और 15 फीट की गली 8 फीट की रह गई है। बताया गया कि 8 फीट की गली से रास्ता मिला हुआ है लेकिन यह रास्ता आपातकालीन स्थिति में काम नहीं आ राकती।

### आदेश के बाद भी नहीं दिया गया रास्ता

अब से पहले स्कूल को खाली जमीन से रास्ता मिला हुआ था लेकिन एमसीडी ने फरवरी 2018 में स्कूल के सभी छोटे बड़े दरवाजों के साथ दीवार कर दी। इसे लेकर स्कूल के अभिभावक संघ ने एस सी / एसटी आयोग पहुंचकर गुहार लगाई और तब आयोग ने संबंधित उच्च अधिकारियों को तलब किया जिसमें उन्होंने पार्क के अंदर से गेट खोलने का आदेश दिया गया। लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

**स्टेशन से नकद और उपकरणों का संग्रह**

**निविदा सं.: CASH-PICKUP-01-MLG-NFR-25**। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः**- असम, पश्चिम बंगाल, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, बिहार, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश के अंतर्गत 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अंतर्गत फैले 400 (चार सौ) स्टेशनों/स्थानों से स्टेशन नकद और उपकरणों का संग्रह और उन्हें वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, पू. सी. रेल के खाते में क्रेडिट के लिए बैंक में जमा करना। **विज्ञापित मूल्यः** ₹23,82,99,600/-; **धरोहर राशिः** ₹13,41,500/-। **ई-निविदाएं** 02-06-2025 को 16:00 बजे **बंद होंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

**सीसीएम/पीएमएंडपीएस, गुवाहाटी**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिल्ली नगर निगम में अनुभवी अभियंताओं को चाहते हैं पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ ताकि वार्ड में जल्द शुरू हो सके विकास कार्य

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के पार्षद चाहते हैं कि उनके वार्ड में जल्द से जल्द विकास कार्य करने की प्रक्रिया शुरू हो जाए और इसे देखते हुए पार्षद पुराने और अनुभवी अभियंताओं की तलाश में जुट गए हैं। भाजपा पार्षद चाहते हैं कि जनता ने उन्हें केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और अब दिल्ली नगर निगम की सरकार दी है तो जनता के कार्य करने की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई हैं। भाजपा पार्षदों का कहना है कि ऐसे में भी यदि वे जनता के कार्य नहीं करा पाए तो जनता उनको आने वाले समय में बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है। इसलिए पार्षद चाहते हैं कि जल्द से जल्द उनके वार्ड में अनुभवी अभियंता आए और संबंधित परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार के बजट बनाए ताकि विकास कार्य हो सकें। भाजपा पार्षदों ने बताया कि पिछले करीब ढाई साल में आम आदमी पार्टी नेताओं ने निगम की सदन बैठकों को नियमानुसार चलने नहीं दिया जिसके चलते जनता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी को बाहर का रास्ता दिखा दिया। निगम सदन बैठकों में भाजपा नेताओं से खींचतान के चलते विकास कार्य काफी हद तक प्रभावित हुए हैं। वहीं, बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 जीतने के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार और आम आदमी पार्टी के पार्षद भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं और अब भाजपा के सदस्यों का संख्या बल अधिक है और संभावना है कि जल्द ही निगम में स्थायी समिति, वार्ड समिति और अन्य दर्जनों समितियों का गठन जल्द हो जाएगा। जिसके बाद तेज गति से विकास कार्य हो सकेंगे।

## दिल्ली की तिहाड़ जेल में बढ़ाई सुरक्षा आतंकवाद के आरोपियों पर नजरः सूत्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुरक्षा की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर तिहाड़ जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जेल के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले, खासकर उन वार्ड पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां गैंगस्टर और आतंकवाद के आरोपी हैं। सूत्रों के अनुसार, विस्तृत उपायों के तहत बहुस्तरीय सुरक्षा जांच, अतिरिक्त सीसीटीवी कवरेज और सख्त निगरानी प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। एक सूत्र ने बताया कि हाल के घटनाक्रमों ने पूर्ण सुरक्षा जांच को बढ़ावा दिया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले कैदियों पर चौबीसों घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है। तहव्वुर राणा, छोटा राजन और नीरज बवाना जैसे हाई-प्रोफाइल गैंगस्टर और आतंकवाद के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद हैं। तिहाड़ भारत के सबसे बड़े जेल परिसरों में से एक है। जेल के अंदर से अनधिकृत संचार रोकने के लिए मोबाइल सिग्नल जैमर का परीक्षण और उन्नयन किया जा रहा है।

सूत्र ने कहा कि औचक जांच भी बढ़ा दी गई है। हम जेल के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील बैरकों में प्रतिदिन कम से कम तीन बार आकस्मिक जांच कर रहे हैं। रात के समय जेल कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है और परिसर के भीतर कैदियों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जेल के भीतर खुफिया नेटवर्क सक्रिय कर दिया गया है और मुखबिरों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ प्रशासन और बाहरी कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ा दिया गया है। सूत्र ने कहा कि हम विशेष प्रकोष्ठ और अन्य जांच विंग के साथ नियमित रूप से सूचना साझा कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई बाहरी प्रभाव जेल की सुरक्षा में सेंध न लगा सके। उन्होंने कहा कि व्यापक समीक्षा पूरी होने तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी।

वर्ष 1958 में स्थापित तिहाड़ में 400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली नौ जेल हैं। रोहिणी में एक जेल और मंडोली में छह जेल हैं।

## महिला कांस्टेबल के साथ 'अनुचित' व्यवहार करने के आरोपी एसीपी को रेलवे इकाई से हटाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक सहायक पुलिस आयुक्त को ड्यूटी के दौरान शराब पीकर एक महिला कांस्टेबल के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करने को लेकर रेलवे इकाई से हटा दिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''हमें एक महिला कांस्टेबल से शिकायत मिली कि एसीपी ने उसके साथ अनुचित व्यवहार किया और ड्यूटी के दौरान वह नशे में भी थे।'' अधिकारी ने बताया कि 55 वर्षीय अधिकारी दिल्ली पुलिस की रेलवे इकाई में तैनात थे और नौ मई को वह शराब के नशे में धुत होकर ड्यूटी पर आये थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी एसीपी की चिकित्सा जांच की गई, जिसमें उनके नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले को 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम' (पीओएसएच) समिति को भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी अधिकारी को रेलवे इकाई से हटाकर मेट्रो इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर, पुत्र वाहिद अली, निवासी मकान संख्या ई-2890, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 1) 252/19, U/s 457/380/411/34 IPC, 2) 161/19, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जावेद उर्फ गब्बर** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **जावेद उर्फ गब्बर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1) 252/19, U/s 457/380/411/34 IPC, 2) 161/19, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05**
**उत्तर, कमरा नं. 114**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5860/ON/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीना देवी, पत्नीः सरोज मुखिया, पताः केक फैक्ट्री के पास, दुलिया कॉलोनी, अलीपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 122/2022, U/s 33(1)A Delhi Excise Act, पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीना देवी** नहीं मिल रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **वीना देवी** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 122/2022, U/s 33(1)A Delhi Excise Act, पुलिस थाना अलीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **वीना देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**उत्तर, कमरा नं. 115**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5908/ON/2025**

## तस्कर के कब्जे से बिहार की नाबालिग लड़की कराई मुक्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बिहार से कथित तौर पर बहला-फुसलाकर दो लाख रुपये में बेचने के लिए दिल्ली लायी गयी 15 वर्षीय एक लड़की को पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से बचा लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान शशि कुमार (23) के रूप में हुई है, जो ट्रेन में यात्रा के दौरान नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर झूठे बहाने से दिल्ली ले आया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को एक लड़की के साथ देखा गया। उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया और लड़की को प्रारंभिक पूछताछ के लिए ले जाया गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह बिहार में दरभंगा की रहने वाली है और मां से झगड़ा होने के बाद वह दो दिन पहले घर छोड़कर निकल गयी थी। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह अपनी एक रिश्तेदार से मिलने के लिए दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हुई, जिसके बाद छपरा रेलवे स्टेशन पर आरोपी उससे मिला। अधिकारी ने कहा कि उसने (लड़की ने) कहा कि शशि कुमार ने यात्रा के दौरान उससे दोस्ती की और उसे दिल्ली में अपने भाई के घर ले जाने का वादा किया। हालांकि, दिल्ली पहुंचने के बाद, उसने उसे जबरन ले जाने की कोशिश की और उसे बेचने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुमार ने कबूल किया कि वित्तीय समस्याओं के कारण उसने नाबालिग को दो लाख रुपये में बेचने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में कमला मार्केट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है और यह पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है कि कहीं आरोपी किसी बड़े तस्करी नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं है।

## दिल्ली पुलिस संदिग्धों की पहचान में तेजी के लिए 'फेस स्केच-मैचिंग' तकनीक का करेगी इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस जल्द ही एक 'रिवर्स इमेज सर्च' सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल शुरू करेगी, जो संदिग्धों के स्केच को आपराधिक तस्वीरों के अपने डेटाबेस से मिलान कर सकता है, जिससे आरोपी व्यक्तियों की पहचान करने में लगने वाले समय और प्रयास में काफी कमी आएगी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित किया जा रहा 'इमेज रिकंस्ट्रक्शन सॉफ्टवेयर' प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर तैयार किए गए चेहरे के स्केच को पुलिस रिकॉर्ड में मौजूद डिजिटल इमेज से जल्दी से जल्दी मिलान करने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता करेगा। पुलिस के एक सूत्र ने कहा, ''पहले, ऐसी तुलना पारंपरिक रूप से करनी पड़ती थी, जो ज्यादा समय लेती थी और उसमें सटीकता का अभाव होता था। यह नया सॉफ्टवेयर प्रक्रिया को स्वचालित करता है और संदिग्ध की पहचान की सटीकता को बढ़ाता है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह सॉफ्टवेयर खासतौर पर हत्या, डकैती और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उपयोगी है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज, दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शैड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 17.05.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में मीडिया सेंटर का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 17.05.2025 | 2.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, अम्बाला | गांव भुरेवाला ब्लॉक नारायणगढ़ में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण। | 10.05.2025 23.05.2025 | 25.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज, रोहतक | गांव भैंसरू कलां (शिव धाम) 1 में शिवधाम का निर्माण + 2 कार्य। | 09.05.2025 15.05.2025 | 41.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | बाढ़ ऋतु 2025 से पूर्व आरडी 0 से 26885 तक जुंडला डिस्टी. की मरम्मत, रखरखाव और आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | 10.05.2025 15.05.2025 | 8.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/100/34689/I/88/7 दि. 12.05.25

**खबर संक्षेप**

### स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की पहचान के लिए आज से शुरू होगा सर्वे

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षा निदेशालय मंगलवार को एक सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है, जिसमें स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की पहचान की जाएगी और उनका नामांकन किया जाएगा, ताकि हर बच्चे की शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। शिक्षा निदेशालय (डीओई) 13 मई से 30 जून तक एकीकृत ग्रीष्मकालीन सर्वेक्षण आयोजित करेगा। इस महीने की शुरुआत में जारी एक परिपत्र के अनुसार, सर्वेक्षण का उद्देश्य स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की पहचान करना और उन्हें पास के स्कूलों में दाखिला दिलाना है। परिपत्र में कहा गया कि यह ग्रीष्मकालीन पहल समग्र शिक्षा-दिल्ली और विभिन्न शैक्षिक विभागों के संयुक्त प्रयास का हिस्सा है।

### दिल्ली विधानसभा का आज से शुरू होने वाला बजट सत्र रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र का मंगलवार से शुरू होने वाला दूसरा चरण रद्द कर दिया गया है। इस बात की जानकारी विधानसभा सचिवालय ने दी है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के दूसरे चरण को आज मंगलवार 13 मई और बुधवार 14 मई को बुलाया था। बता दें कि इस बजट सत्र में सरकार द्वारा निजी स्कूलों की फीस को विनियमित करने के लिए दिल्ली स्कूल शिक्षा शुल्क निर्धारण एवं विनियमन पारदर्शिता विधेयक, 2025 को पेश किया जाना था। विधानसभा सचिवालय ने कहा कि सरकार ने सत्र स्थगित करने का फैसला किया है। नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र का पहला चरण 24 मार्च को शुरू हुआ था जिस दौरान वित्त विभाग संभाल रही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया था।

## लोक निर्माण विभाग मंत्री ने किया परियोजना स्थल का निरीक्षण

# दिसंबर तक पूरा होगा बारापुला फेज-3 फ्लाईओवर : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कई सालों से अटकी पड़ी बारापुला फेज 3 फ्लाईओवर परियोजना इस साल दिसंबर तक पूरा कर ली जाएगी। इस परियोजना में देरी के लिए पिछली सरकार जिम्मेदार है। यह बातें लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को परियोजना स्थल का निरीक्षण करने के बाद दी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और शेष कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि यह सरकार बनने के बाद महज दो महीनों में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा का इस परियोजना स्थल का दूसरा दौरा है।

जो इस बात का प्रमाण है कि मौजूदा सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर कितनी गंभीर और प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी मंत्री ने परियोजना के कार्य की समीक्षा की थी और तब से अब तक कई कदम उठाए गए हैं, जिनसे कार्य की गति में



उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर 2025 तक इस फ्लाईओवर को चालू किया जाए। यह दिल्ली के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो पिछले कई वर्षों से अनदेखी और लापरवाही का शिकार रही है। हमने कार्यभार संभालते ही इसे प्राथमिकता दी और कई स्तरों पर प्रगति सुनिश्चित की। प्रवेश वर्मा ने कहा कि बारापुला फेज-3 परियोजना पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेज़-1 को दक्षिणी दिल्ली स्थित एम्स से जोड़ने के लिए विकसित की जा रही है। यह फ्लाईओवर सराय काले खां के पास मौजूदा बारापुला कॉरिडोर से जुड़ेगा, जिससे पूर्व-पश्चिम दिल्ली के बीच सफर तेज और सुगम होगा। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में यातायात की भीड़-भाड़ को कम करना और आवागमन को बेहतर बनाना है, जिससे लाखों नागरिकों को हर दिन लाभ मिलेगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने सरकार की नीयत पर भरोसा जताते हुए कहा कि हमारे लिए यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि दिल्ली की विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी प्राथमिकता यह है कि कोई भी परियोजना अब लालफीताशाही या लापरवाही का शिकार न हो और सभी लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाएं समय पर पूरी हों।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि परियोजना में देरी का मुख्य कारण पिछली सरकार की उदासीनता रही है। पूर्ववर्ती सरकार ने समय पर ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया और न ही पेड़ों की कटाई और स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की। नतीजतन, यह महत्वपूर्ण परियोजना वर्षों तक अटकी रही और लागत भी कई गुना बढ़ी। इस मुद्दे पर हमारे द्वारा की गई कार्यवाही से हम जल्द ही शेष कार्य को पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार, खासकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, अब पेड़ों के स्थानांतरण के लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए वन विभाग से सक्रिय रूप से समन्वय कर रही है। हम उम्मीद करते हैं कि वन विभाग से आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र ही मिल जाएंगी, जिसके बाद परियोजना के अंतिम चरण का कार्य जल्द शुरू होगा।

## दिल्ली विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की रखी गई आधारशिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 500 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

यह परियोजना दिल्ली विधानसभा को देश की पहली ऐसी विधानसभा बनाएगी, जो पूरी तरह सौर ऊर्जा पर चलेगी और सतत व जिम्मेदार शासन का राष्ट्रीय मानक स्थापित करेगी। सौर ऊर्जा संचालित विधानसभा की पहल की सराहना करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि यह आधारशिला सिर्फ एक सौर संयंत्र के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए है, जो जिम्मेदार शासन की नींव है। उन्होंने बताया कि संयंत्र की क्षमता 200 किलोवाट से बढ़ाकर 500 किलोवाट की गई है, जो स्थान और तकनीकी सीमाओं के बावजूद संभव हुआ, यह दिल्ली की नए स्वरूप और निरंतर विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सक्सेना ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) विधानसभा को धरोहर स्थल घोषित करने के प्रयासों में पूरा सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी विधानसभा का दौरा किया है, इसकी समृद्ध विरासत की रक्षा करना मेरा उद्देश्य है। सक्सेना ने विधानसभा अध्यक्ष को इस पहल को साकार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बधाई दी और उनके सक्रिय दृष्टिकोण व सतत विकास के प्रति समर्पण की सराहना की।

## अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है दिल्ली सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा की दिल्ली सरकार ने चुनाव में किए गए बड़े बड़े वायदे से भागने और सत्ता में आने के बाद की अपनी विफलताओं और नाकामियों को छिपाने के लिए दो दिवसीय विधानसभा सत्र रद्द किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भाजपा सरकार पर सोमवार को निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि 13-14 मई को प्रस्तावित दिल्ली विधानसभा के सत्र को भाजपा सरकार द्वारा स्थगित करना दिल्ली के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और जवाबदेही से भागना है। बिना कोई ठोस कारण बताएं सरकार का दूसरा सत्र जिसमें मंत्रियों के कार्यों का लेखा जोखा और आगामी दिल्ली विकास पर चर्चा होनी चाहिए थी, भाजपा इसमें पूरी तरह लापरवाह दिख रही है। यादव ने कहा कि राजधानी में भीष्ण गर्मी से पानी और बिजली की भारी दिक्कत से जूझ रहे दिल्लीवासियों को राहत देने और मानसून में नालों की सफाई पर चल रहे कामों को आंकलन, सड़कों को दूरस्त करने जैसे विषयों पर विधानसभा सत्र में विस्तार पूर्वक चर्चा होनी चाहिए थी।

## एमसीडी नाली से गाद निकालने का कार्य जल्द करें पूरा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को नाली से गाद निकालने का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने बताया कि सभी 12 क्षेत्रों के 312 बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। दिल्ली सरकार राजधानी में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्यरत है। दिल्ली



सरकार का हर सम्बंधित विभाग इस दिशा में कार्य कर रहा है कि कैसे राजधानी को सुन्दर, सुव्यवस्थित बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में चल रहे मेगा सफाई अभियान के तहत 1 मई से तक सभी 12 जोनों में गहन सफाई और रात्रिकालीन स्वीपिंग अभियान सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम (एमसीडी) को स्पष्ट निर्देश दिए कि दिल्ली में चल रहे मेगा सफाई अभियान की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, और यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि सफाई अभियान सिर्फ प्रतीकात्मक न रह जाए, बल्कि जमीन पर ठोस और प्रभावी कार्य भी हो। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित शहर देना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता, जलभराव नियंत्रण, और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया , ताकि दिल्ली को 'विकसित दिल्ली' की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।



## खबर संक्षेप

### आर्चरी खिलाड़ी का विधायक ने किया स्वागत



**फरीदाबाद।** प्रदेश पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के रहने वाले कर्नल सिंह की सुपुत्री और नव्या आर्चरी अकादमी की खिलाड़ी मनप्रीत कौर का पूरे हरियाणा से अकेले सिलेक्शन पूना स्थित स्पोर्ट अकादमी में होने पर शॉल भेंट कर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना सबकी जिम्मेदारी



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिला फरीदाबाद के गांव जवां में पोक्सो अधिनियम एवं बाल विकास अधिनियम 2006 पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया । आयोग की सदस्य सुमन राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के साथ होने वाले अपराधों, उनकी हानियों और इससे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### तांत्रिक के कहने पर मासूम को नहर में फेंका

**फरीदाबाद।** पढ़ी-लिखी एक महिला ने तांत्रिक के कहने पर अपने दो साल के मासूम को आगरा



नहर में फेंक दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को बच्चा नहर में फेंकते हुए देख लिया और बीपीटीपी थाना पुलिस को सूचना दी। अब पुलिस और एनडीआरएफ की टीम बच्चे की तलाश में जुटी है। महिला मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। बीपीटीपी थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि उनको रविवार देर रात को यह सूचना मिली कि एक महिला ने बीपीटीपी पुल के पास अपना बच्चा नहर में फेंक दिया है। सूचना के बाद उन्होंने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भीषण आग में आठ झुग्गी जलकर राख

**गाजियाबाद।** निकटवर्ती गांव सदरपुर राईसपुर केशब कुंज झुग्गी झोपड़ी व कबाड़ में आग लग गयी।



जिसमें लगभग-8 झोपड़िया, 1 जनरल स्टोर व कबाड़ का सामान जल गए, फायर यूनिट की आस-पास में स्थित झोपड़ियो को सुरक्षित बचा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि 1222 के माध्यम से सूचना मिली कि सदरपुर राईसपुर केशब कुंज झुग्गी झोपड़ी व कबाड़ में आग लगी है । सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से मुख्य अग्निशमन अधिकारी व फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 2फायर टैंकर, 1 एफक्यूआरवी व कचहरी ड्यूटी पर तैनात फायर टैंकर घटना स्थल के लिए रवाना हुआ।

---

आपदा की घड़ी में बचाव और प्राथमिक चिकित्सा पर विशेष प्रशिक्षण

# युवा शक्ति आपातकालीन स्थिति में निभाएगी अहम भूमिका

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में फायर विभाग, एसडीआरएफ और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की संयुक्त टीम ने आपदा के समय किए जाने वाले बचाव और राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एवं एडीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में आज सोमवार को सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हॉल में जिला फरीदाबाद के निजी तथा सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस वालंटियर्स को आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रशिक्षण के गुर सिखाए गए, जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में फायर विभाग, एसडीआरएफ और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की संयुक्त टीम ने आपदा के समय किए जाने वाले बचाव और राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

### ... ताकि किसी भी संभावित संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके



प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं व छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करना था। कार्यक्रम के दौरान ब्लैक आउट, सर्च ऑपरेशन, रेस्क्यू तकनीक, राहत वितरण प्रणाली, अग्निशमन उपाय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन और जनसुरक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर चल रहे प्रयासों को लेकर एडीसी साहिल गुप्ता ने महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि गोल्डन हॉर्स आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण व प्रभावी पहल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और सभी आवश्यक संसाधनों को तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी संभावित संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और अफवाहों से बचते हुए केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच समन्वय ही किसी आपदा की स्थिति में सफल प्रबंधन की कुंजी होता है।

### जनप्रतिनिधियों से लेकर युवाओं तक को मिला आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

एडीसी ने बताया कि मौजूदा समय को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है इसी के तहत आज डीएवी कॉलेज, सुषमा स्वराज कॉलेज और नेहरू कॉलेज के छात्र.छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रशिक्षण के गुर सिखाए गए। इससे पहले सरपंचों, निगम पार्षदों, जिला परिषद सदस्यों आरडब्ल्यूए अध्यक्षों, उद्योग प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले में में सिविल डिफेन्स रजिस्ट्रेशन करने वाले वालंटियर्स को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह बोले-

# जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने बैठक में निजी अस्पताल के खिलाफ आई शिकायत के संबंध में राज्य स्तरीय कमेटी से जांच कराने के आदेश दिए। सेक्टर 23 में पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर भी अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण और वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अधिकारियों को आमजन के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील व्यवहार अपनाना चाहिए तथा उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह आज सोमवार को फरीदाबाद सेक्टर 12 स्थित हुडा कन्वेंशन सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंत्री राव नरबीर सिंह का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, मौके पर नौ मामलों का निवारण किया गया। शेष 7 मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**खास बातें**

- 16 परिवाद में से नौ का मौके पर ही समाधान
- एमसीएफ व एफएमडीए को मिलकर कार्य करने के निर्देश
- जनहित के कार्यों में पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें

### पेयजल संकट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं




उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने बैठक में निजी अस्पताल के खिलाफ आई शिकायत के संबंध में राज्य स्तरीय कमेटी से जांच कराने के आदेश दिए। सेक्टर 23 में पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर भी अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट किसी भी सूरत बर्दाश्त नहीं। लोगों को पानी के टैंकर नहीं पेयजल का स्थाई समाधान सुनिश्चित करें। इसमें एमसीएफ व एफएमडीए को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। ट्यूबवेल ऑपरेटर संबंधित मामले में उन्होंने जांच शुरू कर जल्द से जल्द कार्रवाई के आदेश दिए। सेक्टर-25 में सर्विस रोड निर्माण संबंधी एक मामले में अधिकारियों को आगामी 30 मई तक कार्य पूरा करने के आदेश दिए। इसी तरह सेक्टर-75-76 से जुड़े एक मामले में हाईटेंशन पोल सडक के बीच में खड़े होने की एक शिकायत पर सर्वे रिपोर्ट के साथ जल्द से जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी बीच लोगों के सुगम आवागमन के लिए सर्विस रोड की मरम्मत के आदेश दिए।

उन्होंने शहर में मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी ड्रेनों की सफाई और डिसिल्टिंग का कार्य समय पर पूरा करने के आदेश दिए। वहीं फाइनेंशियल फ्रॉड के एक मामले में मंत्री ने दोनों पक्षों को डीसी और ग्रीवेंस कमेटी के समक्ष पेश होकर जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए।

### अवैध आरएमसी प्लांट करें सील, इस सप्ताह दें रिपोर्ट

*परिवाद बैठक से अलग एक मामले में पोलुशन कंट्रोल बोर्ड को निर्देश दिए कि जिले में चल रहे आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) की जांच कर इस सप्ताह अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें और अवैध आरएमसी प्लांट को सील करें। गांव दयालपुर से संबंधित मामले में सडक़ चौड़ीकरण से संबंधित एक शिकायत में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्देश दिए कि यदि रास्ते में लोगों के घर आते हैं तो उन्हें न तोड़ा जाए और बीच का वैकल्पिक मार्ग निकालकर कार्य किया जाए। मंत्री ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित के कार्यों में पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें ताकि आमजन को राहत मिल सके और शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित हो।*

---

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने

# 50 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मोदीनगर में 50 बीघे मे विकसित हो रही अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्रवर्तन ज़ोन 2 को सतत निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही पुनः विकसित होने पर तत्काल हो ध्वस्तीकरण व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। प्रभारी प्रवर्तन जोन 2 के नेतृत्व में संदीप चौधरी द्वारा खसरा संख्या 839, 840 ग्राम डिडौली परगना जलालाबाद गंग नहर रोड मोदीनगर गाजियाबाद पर लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया गया था ।

### विरोध के बावजूद ध्वस्तीकरण कार्रवाई जारी रही

अवैध कॉलोनीयों में कालोनाइजर द्वारा बनाई जा रही सड़क ,बाउंड्री वॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ता/निर्माणकर्ता द्वारा काफी विरोध किया गया। परंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गई । प्राधिकरण द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति किए गए किसी भी निर्माण को तुरंत ध्वस्त किया जाएगा ।

### अवैध निर्माण के खिलाफ जारी अभियान

अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता एवं प्रभारी ज़ोन 2 के समस्त स्टाफ एवं प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई । आगे भी अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण /सील की कार्रवाई किए जाने का अभियान जारी रहेगा।

---

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **चंद्र पाल पुत्रः** करम सिंह **पताः** 40बी, ग्राम सिरस पुर, दिल्ली, **द्वितीय पताः** 39, हरिजन बस्ती, ग्राम सिरस पुर, दिल्ली, ने **FIR No. 180/12, U/s 279/337/338 IPC थानाः दरियागंज दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंद्र पाल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंद्र पाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 180/12, U/s 279/337/338 IPC थानाः दरियागंज दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **चंद्र पाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ राज कुमार सिंह
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5948/CD/2025
(Court Matter)

---

# कलर्स ऑफ इंडिया में झलका भारतीय नृत्य का जादू

# भरतनाट्यम और छाऊ की शानदार प्रस्तुति से जीवंत हुई भारत की सांस्कृतिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कमानी ऑडिटोरियम में त्रिकाया डांस फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत 'कलर्स ऑफ इंडिया' ने दर्शकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से रूबरू कराया। यह भव्य प्रस्तुति भारत की शास्त्रीय, लोक और युद्ध कला नृत्य परंपराओं को समर्पित थी, जिसमें देशभर से आए 50 से अधिक कलाकारों ने मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरा। कार्यक्रम की परिकल्पना और कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कलाकार राकेश साईं बाबू (एसएनए बिस्मिल्ला खान युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता) और कलाक्षेत्र से शिक्षित व त्रिकाया डांस फाउंडेशन की निदेशक प्रिया श्रीनिवासन ने की थी। 'कलर्स ऑफ इंडिया' एक साधारण नृत्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक यात्रा थी—जहां भरतनाट्यम की सूक्ष्म अभिव्यक्ति, मयूरभंज छाऊ की दमदार फुर्ती, और ओडिसी, कथकली, कथक व कुचिपुड़ी की भावप्रवणता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### समर्पण व कला की गहराई नजर आई

राजस्थान, पंजाब, कश्मीर, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के जीवंत लोकनृत्यों ने प्रस्तुति में रंग और ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम पारंपरिकता और नवाचार का सुंदर संगम था, जो त्रिकाया फाउंडेशन के 'जीवंत परंपरा' के दर्शन को दर्शाता है।यह कार्यक्रम फाउंडेशन की वार्षिक प्रस्तुति भी था, जो एक वर्ष की कठिन साधना, प्रशिक्षण और समुदायिक सहभागिता का उत्सव था। जूनियर विद्यार्थियों से लेकर अनुभवी कलाकारों तक हर प्रस्तुति में समर्पण और कला की गहराई स्पष्ट नजर आई।फाउंडेशन की निदेशक प्रिया श्रीनिवासन ने कहा- "'कलर्स ऑफ इंडिया' हमारी विविधता में एकता को समर्पित है। राकेश साईं बाबू ने कहा- "हमने इस प्रस्तुति की कल्पना एक जीवंत कैनवास के रूप में की थी, जहां शास्त्रीय अनुशासन लोक जीवन्तता से मिलता है।

---

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा–131305
ऑफिस नं. 01263-283001, 283002, फैक्स नं. 01263-283779, www.bpsmv.ac.in

**विज्ञापन**

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पात्र उम्मीदवारों से एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में 25.05.2025 तक अनुबंध आधार पर रोग निदान एवं विकृति विज्ञान के स्पेशलाइजेशन में असिस्टेंट प्रोफेसर और रोग निदान एवं विकृति विज्ञान के स्पेशलाइजेशन में एसोसिएट प्रोफेसर (अवकाश रिक्ति के तहत), द्रव्यगुण के स्पेशलाइजेशन में प्रोफेसर (अवकाश रिक्ति) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। योग्यताओं और वेतनमान इत्यादि के सम्बन्ध में विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर पधारें।

रजिस्ट्रार
संवाद–1239/11/80/2026/34677/सी/88/7 दि. 12.05.25

---

भारतीय सेना ने पूरे दमखम से दिया पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व भर में मजबूत शक्ति बनकर उभरा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले का जिस प्रकार से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है, उसने यह साबित कर दिया कि आज का भारत आतंकवाद को किसी कीमत पर सहन नहीं करेगा। जिस प्रकार से भारतीय सेना ने पूरे दमखम के साथ पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है, उसने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच को जाता है, जिन्होंने भारतीय सेना को फ्री हैंड करते हुए पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने का आदेश दिया, नतीजतन पाकिस्तान को दो ही दिनों में सीजफायर के लिए घुटने टेकने पड़े। बिश्नोई फरीदाबाद में वरिष्ठ समाजसेवी ओमपाल टोंगर के निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे।

### पीएम ने कहा-गोली का जवाब गोले से दें



इस मौके पर आजाद भड़ाना, संदीप टोंगर चेयरमैन, संचित भड़ाना, मैनेजर सिंह उर्फ फूफा बिल्लू मौजूद थे। इस दौरान भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना को स्पष्ट निर्देश दिए है कि अगर सीमापार से एक गोली चलती है तो उसका जवाब गोले से दे और भारत की प्रभुत्ता पर कोई आंच न आने दे। बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल 11 सालों में भारत हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है, खासकर पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया, उसका लोहा समूचे विश्व ने मान लिया है। उन्होंने कहा कि भारत की पराक्रमी सेना ने दिखा दिया कि वह आतंकवाद को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे और ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। बिश्नोई ने कहा कि सीजफायर ने पाकिस्तान को बचा लिया, अन्यथा भारतीय सेना इस मुल्क को पूरी तरह से नेस्तानाबूद कर देती। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकी घटना पाकिस्तान द्वारा भारत में घटित हुई तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा।

---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएचएस कासंडी, जिला सोनीपत में 10 अतिरिक्त कक्षा कमरों के निर्माण और विद्युत कार्य के लिए डीएनआईटी + 11 कार्य। | 05.05.2025 14.05.2025 | 9.41 करोड़ | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34659/1/88/7 दि. 12.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका खरखौदा | एम.सी. खरखौदा के लिए प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एमएसडब्ल्यू का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों / हस्तांतरण स्टेशनों /प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 10.05.2025 23.05.2025 | 955.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416316854 secy-kharkhoda@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34665/1/88/7 दि. 12.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 751 – एम.सी. सोनीपत में राजेन्द्र नगर / कल्याण नगर में एक अदद गहरे नलकूप का प्रावधान व स्थापना + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 14.05.2025 | 3.80 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34667/1/88/7 दि. 12.05.25

---

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) वैलेंटाइन पुत्र अतुयेइबेरे निवासी त्रिपु तमिलनाडु, तिरुपुर ग्रामीण, तिरुपुर, भारत (2) सैमुअल पुत्र उसोबोर निवासी नवादा, उत्तम नगर, द्वारका, दिल्ली (3) डेस्टिनी पुत्र ओरुमगबे निवासी विकास पुरी, उत्तम नगर, द्वारका, दिल्ली और गली नंबर 11, डाबरी, दिल्ली (4) इजराइली पुत्र ओनीबे निवासी मकान नंबर 60, निहाल विहार, फेज–2, जीत प्रॉपर्टी के पास, चंदर विहार, दिल्ली (5) फ्राईडे पुत्र ओबिनीरीउका निवासी प्रधान मार्केट के पास, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, निहाल विहार, दिल्ली और (6) इकेचुकुवे इमैनुअल पुत्र ओनुओहा निवासी प्रधान मार्केट, सरकारी स्कूल के पास, चंदर विहार, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 969/2021 U/S 14 F. Act, अन्तर्गत थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उपर्युक्त **सभी 6 अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उपर्युक्त **सभी 6 अभियुक्त** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 969/2021 U/S 14 F. Act, अन्तर्गत थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **(1) वैलेंटाइन (2) सैमुअल (3) डेस्टिनी (4) इजराइली (5) फ्राईडे** और **(6) इकेचुकुवे इमैनुअल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03(पश्चिम)
कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5926/OD/2025 (Court Matter)

## खबर संक्षेप

### 19 जिलों में हीटवेव की चेतावनी, पारा 40 डिग्री



**लखनऊ।** यूपी में गर्मी का कहर और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने 14 मई से प्रदेश के पूर्वी व तराई इलाके के 19 जिलों में लू के थपेड़े चलने की चेतावनी जारी की है। इस बदलाव से प्रदेश के बाकी हिस्सों के भी लू के चपेट में आने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में प्रदेश के कई जिलों में तापमान के 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### पटना के एनएमसीएच में महिला की मौत पर बवाल

**पटना।** नालंदा मेडिकल कॉलज एंड हॉस्पीटल में जमकर बवाल हुआ। यहां महिला मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद यह सारा बवाल हुआ है। महिला मरीज की मौत के बाद नाराज परिजनों ने यहां हंगामा करने लगे। इसके बाद एनएमसीएच में मारपीट भी हुई है। महिला मरीज के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर मारपीट का आरोप लगाया है। अस्पताल में हंगामे की वजह वहां आए दूसरे मरीज के परिजन भी हैरान-परेशान नजर आए।

### घर में दंपती, बेटियों के शव मिलने से सनसनी

**उन्नाव।** यहां एक गांव में घर के



अंदर युवक का शव फंदे से तो पत्नी और दो बेटियों के शव चारपाई पर पड़े मिले। पत्नी के सीने पर तकिया होने से तीनों का मुंह दबाकर हत्या का अनुमान है। थानाक्षेत्र के साहबखेड़ा गांव निवासी अमित (35) पुत्र उमेशचंद्र यादव खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। पड़ोसी गांव रामबक्श खेड़ा में रहने वाली मृतक की बुआ के लड़के की शादी थी।

# महिलाओं के सुझाव से संवरेंगे शहर, सलाह पर तैयार होंगी विकास की योजनाएं

यूपी के शहर महिलाओं के सुझाव से संवरेंगे। उनकी सलाह पर विकास की योजनाएं तैयार होंगी। सरकार का मानना है कि कई मामलों में महिलाएं अधिक जानकार हैं। प्रदेश में महिलाओं के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में शहरों के विकास का खाका खींचने से पहले जनप्रतिनिधियों के साथ महिलाओं के सुझाव भी लिए जाएंगे। उनके सुझाव के आधार पर विकास की योजनाएं तैयार होंगी। इसका मकसद शहरी ढांचे को महिलाओं के अनुरूप तैयार कर उनके अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

पिछले दिनों अमृत-दो की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग को यह निर्देश दिए थे। इस योजना में 24 हजार करोड़ के काम होने हैं। केंद्र सरकार ने शहरी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए अमृत-दो योजना की शुरुआत की है। योजना का मकसद शहरों में बेहतर जल निकासी, सीवर, पार्क और पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार चाहती है कि शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए महिलाओं से भी रायशुमारी की जाए। इसके लिए निकाय वार्ड स्तर पर मोहल्ला समिति की बैठकें कराएंगे। इसमें

**मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग को दिए निर्देश**



### पानी की उपयोगिता, पार्कों की सुविधा के बारे में महिलाएं ज्यादा जानकार

सरकार का मानना है कि महिलाएं सुविधाओं के मामले में बेहतर सुझाव दे सकती हैं। उन्हें यह पता होता है कि जलापूर्ति कितने घंटे हो जिससे घर चलाना आसान हो सके और पानी का दुरुपयोग न हो। पार्क बनाने के लिए भी उनका सुझाव महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इसका सबसे अधिक इस्तेमाल बच्चे ही करते है। महिलाओं के सुझाव के आधार पर प्रस्तावों को तैयार करते हुए शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र ने 8161 करोड़ उपलब्ध कराए हैं। राज्य सरकार की ओर से दिए हिस्से के बाद कुल 24 हजार करोड़ रुपये के काम होने हैं।

## उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने भी तोड़ी आतंकियों की कमर

# 8 साल में 142 'स्लीपिंग मॉड्यूल' गिरफ्तार, एक को ढेर भी किया

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों के खिलाफ अभियान में भारत सरकार को बड़ी सफलता मिली है। इस बीच एक बयान में बताया गया है कि यूपी में योगी की आठ साल की सरकार के दौरान आतंकियों के मददगार की भी जबरदस्त कमर तोड़ी गई है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन सिंदूर" के बीच एक बयान में दावा किया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले आठ वर्षों में न केवल अपराधियों की कमर तोड़ी बल्कि उत्तर प्रदेश में आतंकवादी संगठनों के 'स्लीपिंग मॉड्यूल' (सहयोगी) और असामाजिक तत्वों को भी पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। इस दौरान योगी सरकार ने न सिर्फ आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया बल्कि आतंकवाद का वित्त पोषण, धार्मिक उन्माद, फर्जी दस्तावेज व विदेशी घुसपैठ पर भी प्रहार किया। उप्र सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जहां एक ओर 230 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया, वहीं दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों के 142 सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और एक को मार गिराया है।

**खास बातें**

- 230 दुर्दांत अपराधियों को भी मुठभेड़ में किया ढेर
- जाली मुद्रा के मामलों में 41 गिरफ्तारियां

**47.03 लाख रुपए की नकली मुद्रा बरामद**

### जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक्शन



इनमें से 131 सहयोगी आतंकवादी संगठनों के सदस्यों को पनाह देने के साथ-साथ उन्हें गोपनीय सूचनाएं पहुंचाते थे जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया। बयान के अनुसार आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले 11 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि 2017 में उप्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद आदित्यनाथ ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत अपराध, अपराधियों, आतंकवादी संगठनों के 'स्लीपिंग मॉड्यूल', आतंकवाद का वित्त पोषण व विदेशी घुसपैठ पर करारा प्रहार करने के निर्देश दिए थे।

बयान के अनुसार आतंकवादी संगठनों के जिन 'स्लीपिंग मॉड्यूल' को गिरफ्तार किया गया, वह आईएसआईएस, नक्सलवादी व पीएफआई समेत अन्य संगठनों से ताल्लुक रखते थे। वक्तव्य में कहा गया कि इसके अतिरिक्त भारतीय जाली मुद्रा के मामलों में 41 गिरफ्तारियां की गई और 47.03 लाख रुपए की नकली मुद्रा बरामद की गई है। इसमें कहा गया है कि अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धार्मिक उन्माद फैलाने में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इन मामलों में एटीएस ने एक गिरफ्तारी की। बयान में कहा गया कि प्रदेश में गैरकानूनी तरीके से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों पर भी एटीएस की पैनी नजर है।

### धर्मांतरण से जुड़े 'सिंडिकेट' पर भी करारा वार

इस अवधि में 173 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते थे। बयान में कहा गया है कि धर्मांतरण से जुड़े 'सिंडिकेट' पर भी करारा वार किया गया और 20 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसके मुताबिक, साइबर ठगी की गतिविधियों में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें चार चीनी और 15 भारतीय आरोपी हैं।

# सारंडा में फिर एलईडी विस्फोट जगुआर का जवान घायल



एजेंसी ▶▶ चाईबासा

1 करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा को पकड़ने के लिए पश्चिमी सिंहभूम जिले के घोर नक्सल प्रभावित सारंडा और कोल्हान के जंगलों में चल रहे सर्च ऑपरेशन के क्रम में सोमवार को एक और जवान नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए आईईडी के विस्फोट की चपेट में आने से घायल हो गया।

**झारखंड जगुआर बम निरोधक दस्ता के आरक्षी हुए जख्मी-** जिसकी चपेट में आने से झारखंड जगुआर बम निरोधक दस्ता के आरक्षी मनोज कुमार दमाई जख्मी हो गये। उक्त जख्मी कर्मी की स्थिति स्थिर है।

### उच्चतर इलाज के लिए रांची भेजा गया

घायल जवान का नाम मनोज कुमार दमाई है। वो झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते का सिपाही है। पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल जवान का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया। इसके उपरांत पुलिस मुख्यालय एवं सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से उसे उच्चतर इलाज के लिए रांची भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यहां बताया कि सोमवार को सुबह लगभग 10.45 बजे छोटानागरा थानान्तर्गत कुलापाबुरू, दलाईगढ़ा और मरांगपोंगा के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए आईईडी को विस्फोट किया गया।

**101 आचार्य कराएंगे ये अनुष्ठान**

# राम मंदिर परिसर में 14 देवालयों पर पांच जून को होगी प्राण प्रतिष्ठा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



पांच जून, दिन गुरुवार, पर्व गंगा दशहरा... यह तारीख अब केवल पंचांग में नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृत के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक नहीं, पूरे 14 देवालयों में एक साथ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। यह आयोजन केवल मूर्तियों को जीवंत करने का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा को पुनः धर्ममय करने का होगा। प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में सबसे पहले शिवलिंग की प्रतिष्ठा होगी। राम जन्मभूमि परिसर में श्रीराम के साथ शिव भी पूजित-प्रतिष्ठित होंगे। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर रामनगरी एक बार फिर आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना की अद्वितीय गवाह बनेगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा बन रही है। तीन से पांच जून यह उत्सव होगा। हालांकि पूजन का क्रम 30 मई से ही शुरू हो जाएगा। काशी व अयोध्या के 101 आचार्य प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे। 30 मई को ही परकोटा के शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शिव वास जरूरी होता है। 30 मई को शिव वास रहेगा, जिसके चलते इसी दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कर ली जाएगी। इसके बाद 13 विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा गंगा दशहरा पर होगी। सात दिवसीय अनुष्ठान के क्रम में पंचांग पूजन, वेदी पूजन, यज्ञ मंडप पूजन, अग्नि स्थापना, जल यात्रा होगी। यज्ञ मंडपम पूजन से अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। इसके बाद जलाधिवास, औषधिवास सहित अन्य अधिवास होंगे। इस दौरान वैदिक आचार्य विभिन्न मंत्रों का जप, वाल्मीकि रामायण का पाठ, चारों वेदों का पाठ, रामचरित मानस का पारायण सहित अन्य अनुष्ठान करते रहेंगे। मंदिरों में देव विग्रह की स्थापना के लिए संगमरमर के पत्थर के दो फीट ऊंचे सिंहासन भी बनाए गए हैं।

### *चार फुट ऊंचा होगा शिवलिंग*

*ओंकारेश्वर की नर्मदा का भी अयोध्या में रामलला के मंदिर से आध्यात्मिक जुड़ाव होगा। ओंकारेश्वर में नर्मदा से प्राप्त शिवलिंग परकोटे में निर्मित शिव मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाएगा। यह शिवलिंग पिछले साल 22 अगस्त को अयोध्या लाया गया था। यह चमकदार हल्के लाल रंग के शिवलिंग के रूप में है। इसकी ऊंचाई 48 इंच, चौड़ाई 15 इंच और व्यास 68 इंच है।इन मंदिरों में होगी प्राण प्रतिष्ठा*

*परकोटा के छह मंदिर- भगवान शिव, सूर्य, गणपति, हनुमान, माता भगवती, माता अन्नपूर्णा*

*सप्त मंडपम के सात मंदिर- महर्षि वशिष्ठ, वाल्मीकि, अगस्त्य, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी, निषादराज*

*शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण की मूर्ति*

**सौरभ हत्याकांड**

# मुस्कान और साहिल को बताया गया दोषी

- एक हजार पन्ने की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल, बनाए 34 गवाह



एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां के चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में केस आगे बढ़ा है। ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में हत्या के 54 दिन बाद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। करीब 1000 पन्नों की इस चार्जशीट में कुल 34 गवाहों के बयान दर्ज हैं। इसमें सबसे चौंकाने वाला पक्ष यह है कि सौरभ की पत्नी मुस्कान के माता-पिता, मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी ने भी बेटी के खिलाफ बयान देते हुए उसे दोषी ठहराया है। पुलिस ने चार्जशीट में साफ तौर पर मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला को हत्या का जिम्मेदार बताया है।

इंस्पेक्टर रमाकांत पचौरी द्वारा दाखिल इस चार्जशीट में सौरभ के परिजनों सहित टैक्सी ड्राइवर, दवाई दुकानदार, मकान मालिक, होटल संचालकों और करीब 10 पुलिसकर्मियों के बयान शामिल हैं। हत्या के बाद मुस्कान और साहिल हिमाचल प्रदेश के होटल में ठहरे थे। वहां के स्टाफ को भी गवाह बनाया गया है।सहायक पुलिस अधीक्षक अंतरिक्ष जैन के अनुसार, सभी साक्ष्य फोरेंसिक और कानूनी दृष्टि से पुख्ता हैं ताकि कोर्ट में मुकदमा मजबूती से चल सके।

**मिर्जापुर में पुलिस की ताबड़तोड़ मुठभेड़**

# तीन क्रिमिनल का हाफ एनकाउंटर



एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

जिले में ऑपरेशन लंगड़ा के तहत जिले की पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग अपराधों में चार अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जिसमें से तीन के पैर में गोली लगी है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना अहरौरा थाना क्षेत्र में दो गो तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध रोकथाम एवं अपराधियों की धड़पकड़ के तहत सोमवार को मुठभेड़ में 2 गौ तस्करों के पैर में गोली लगी। उनके पास से 25 गौवंश और दो अवैध तमंचा बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को अहरौरा थाना क्षेत्र के खोरिया जंगल मोहाल में पुलिस मुठभेड़ में बिहार के रहने वाले अशोक कुमार राजभर व मिर्जापुर के रहने वाले मनोज कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अशोक कुमार राजभर के बाएं पैर में वहीं, मनोज कुमार यादव दहिने पैर में गोली लगी है।

दूसरी घटना चील्ह थाना क्षेत्र में एक मुठभेड़ में चैन स्नैचिंग के अपराध में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत टेढ़वा व गोबरहा में बाइक सवार अज्ञात 2 बदमाशों द्वारा चैन स्नैचिंग की घटना की गयी थी।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री ने उच्च-स्तरीय ..

एक बैठक बीते रविवार को प्रधानमंत्री आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर हुई थी। जिसमें देश का शीर्ष सैन्य नेतृत्व शामिल हुआ था। सीमाओं पर पूरी तरह से शांति तक आगामी दिनों में भी राजधानी में पीएम की अध्यक्षता में ऐसी उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकों का सिलसिला जारी रह सकता है। मिस्री की घोषणा, पाक की नाफरमानी भारत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 10 मई की शाम पांच बजे से संघर्षविराम लागू होने की घोषणा की थी। लेकिन इसके करीब दो घंटे बाद यानी 7 बजे से पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी), अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) सहित अन्य सीमावर्ती राज्यों में मौजूद सैन्य और नागरिक स्थानों को निशाना बनाया। जिसका भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने करारा जवाब दिया। इसके बाद देर रात विदेश सचिव पुनः मीडिया से मुखातिब हुए और उन्होंने पाकिस्तान और उसकी सेना पर संघर्षविराम के उल्लंघन का आरोप लगाया। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि देश की सेना, वायुसेना और नौसेना पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का जवाब देने के लिए पूरी तरह से सक्षम और तैयार है। रविवार को डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्षविराम होने के बाद उसका पाक सेना द्वारा किए गए उल्लंघन की वजह से बेहद निराशा हुई है। जिसके बारे में उन्हें अवगत करा दिया गया है। साथ ही अब मैं सोमवार 12 मई को दोपहर 12 बजे एक बार फिर से पाकिस्तानी सेना के डीजीएमओ से हॉटलाइन पर बातचीत करूंगा।

### विराट ने कहा- क्रिकेट ने...

में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन सकते थे। गावस्कर ने अपने टेस्ट करियर में 10122 रन बनाए हैं, यानी कोहली 893 रन बनाते ही इस मामले में गावस्कर को पीछे छोड़ देते। कोहली भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट मैच खेलने वाले सातवें बल्लेबाज हैं। वह हालांकि, इस मामले में गावस्कर को पीछे छोड़ सकते थे। गावस्कर ने अपने टेस्ट करियर में कुल 125 टेस्ट खेले। यानी कोहली जब इंग्लैंड दौरे पर तीसरा टेस्ट खेल रहे होते तो वह सबसे ज्यादा टेस्ट खेलने के मामले में गावस्कर से आगे निकल जाते।

**मैंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया, और इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा लौटाया :** कोहली ने कहा कि सफेद जर्सी में खेलने में कुछ खास है। ये एक शांत, लंबा और धैर्य से भरा सफर होता है। ये छोटे-छोटे पल जो कोई नहीं देखता लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। अब जब मैं इस फॉर्मेट से विदा ले रहा हूं, तो मन भारी है लेकिन अंदर से सही लग रहा है। मैंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया, और इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा लौटाया। मैं कृतज्ञता से भरा हुआ हूं। इस खेल के लिए, उन सभी साथियों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया, और हर उस व्यक्ति के लिए जिन्होंने मुझे इस सफर में सराहा। हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कान के साथ याद करूंगा।

**टेस्ट करियर में कुल 30 शतक लगाए :** कोहली ने टेस्ट करियर में कुल 30 शतक लगाए। इस प्रारूप में उनका आखिरी शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी आया था। कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी -के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन बनाए थे जो उनका इस प्रारूप में आखिरी शतक रहा। कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे इस मामले में गावस्कर (34 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सचिन तेंदुलकर 51 शतक हैं। कोहली को इस मामले में गावस्कर को पीछे छोड़ने के लिए पांच शतकों की जरूरत थी।

**जमीन मालिकों के लिए खुशखबर**

# सर्वे को लेकर कागज अपलोड करने की तारीख बढ़ी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में जमीन सर्वे का काम दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत रैयतों के द्वारा प्रपत्र-2 में स्वघोषणा और प्रपत्र-3 में वंशावली से संबंधित सूचना अपलोड या जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी। विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने हाल में दिए बयान में कहा कि सर्व के तहत प्रपत्र 2 और 3 अपलोड करने के लिए कुछ दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। कब तक बढ़ाया गया है। इसे लेकर उन्होंने किसी प्रकार की कोई तिथि निर्धारित नहीं की है, लेकिन अभी भी रैयत संशय की स्थिति में है। अधिकांश रैयत अभी भी अपना दावा अपलोड नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि जिले में जमाबंदी के आधार पर 73 प्रतिशत रैयत ही अभी तक कागज अपलोड कर पाए है। वहीं, रैयतों का कहना है कि अभी भी अभिलेखागार में जमीन सबंधित कई दस्तावेज नहीं मिल पा रहे हैं। जिसके कारण रैयत परेशान हैं।

**भूमि को लेकर किया जा रहा है हवाई**



बताया जा रहा है कि विभाग ने जमीन सर्वे को लेकर हवाई सर्वेक्षण कर आर्थो फोटोग्राफ तैयार कर लिया है। विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त विभाग की मानें तो आर्थो फोटोग्राफ के आधार पर संबंधित क्षेत्र का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है।

### पटना के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के निर्देश पर मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल आइजीआइएमएस को एसजीपीजीआई लखनऊ व पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है। आने वाले कुछ माह में यहां आधुनिकतम चिकित्सा तकनीक रोबोटिक सर्जरी से उपचार शुरू हो जाएगा। संस्थान में निर्माणाधीन छह नए स्टेट ऑफ आर्ट ऑपरेशन थिएटर में से दो या तीन को रोबोटिक ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। शुक्रवार को इस बाबत निदेशक प्रोफेसर डॉ. बिंदे कुमार, चिकित्साधीक्षक डॉ. मनीष मंडल, डीन प्रो. डॉ. ओम कुमार, प्रो. डॉ. राजेश कुमार तिवारी आदि के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गई।

हरिभूमि सहेली



विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

परिवार से दूर रहकर सुखी जीवन की चाहत रखना एक बहुत बड़ी भूल है। परिवार वो छाया है, जो संकट की तपती धूप में हमें शीतलता देता है, हमारा संबल बनता है। इसलिए जरूरी है हम हमेशा पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखें। परिवार के लोग प्रेम-स्नेह से बंधे रहें।

# परिवार का प्रेम-स्नेह जीवन का है आधार

आवरण कथा
**डॉ. मोनिका शर्मा**

परिवार को जीवन की पहली पाठशाला कहा जाता है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही यह मान्यता हर इंसान को मानवीय मूल्यों से जोड़कर रखती है। विचार-व्यवहार के मोर्चे पर जीवन को साधने का पाठ पढ़ाती है। अपनों के साथ संबल का ठिकाना कहे जाने वाले परिवार में ही तो एक छत के नीचे रहकर सुख-दुख साझा किया जाता है। हर उतार-चढ़ाव में जिंदगी से जुड़े रहने की हिम्मत बनी रहती है। परिवार, समाज की सबसे छोटी इकाई है जरूर, लेकिन समाज की बुनियाद को मजबूती देने में इस इकाई के मायने बहुत अहम हैं। समाज को बनाने और बनाए रखने में परिवार की अहमियत हमेशा से रही है, लेकिन अब परिवार के मूल स्वरूप में बिखराव साफ दिखने लगा है। यही वजह है कि हर साल घर-आंगन से जुड़े बहुत से विषयों पर विमर्श के लिए अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार दिवस को पारिवारिक ताना-बाना सहेजने की कोशिश के रूप में देखा जाता है।

## मानवीय समझ को पोषण

पारिवारिक खुशहाली का समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण रोल होता है। दुनिया के हर हिस्से में परिवार ही समाज के भावी नागरिक को इंसानियत का पाठ पढ़ाता है। बुजुर्गों को स्नेह-सुरक्षा का साया मिलता है। युवा परिवार में सही मार्गदर्शन पाते हैं। रिश्तों के ताने-बाने का यह बंधन हर उम्र के लोगों को कुछ न कुछ देता ही है। यों भी जिंदगी का हर सबक अपने परिवार में ही सीखा जाता है। अपने आंगन में मिली सीख से ही आगे चलकर नई पीढ़ी का व्यक्तित्व पूर्णता पाता है। परिवार ही बड़ों की संभाल और देखभाल का आधार बनता है। हमारे फैमिली सिस्टम में मौजूद यह आपसी जुड़ाव, जो मजबूत पृष्ठभूमि बनाता है, वह हर परिस्थिति में मन-जीवन को थामती है। पारिवारिक व्यवस्था सही मायने में हमारे जीवन का आधार स्तंभ है। परिवार में साथ-साथ रहना, सुख-दुख साझा करने की सोच, अपनेपन के भाव हमें आपस में दिल से जोड़े रखते हैं। हर तरह से एक-दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग भरा भाव ही पारिवारिक संबंधों का संबल है। परिवार में खुशियों और जिम्मेदारियों का एक अनोखा मेल होता है, जो सभी को आपस में बांधे रहता है। यही बंधन हमें अच्छे-बुरे वक्त में थामने का काम करते हैं। बड़ों को मान और बच्चों को मनुहार परिवार में ही मिल सकती है। हमारे यहां हर तबके के परिवारों में यही स्नेहपूरित सोच रही है। जीवन को साधने-समझने वाले हर मानवीय भाव-चाव को परिवार ही पोसता आया है।





## बिखरता ताना-बाना सहेजने के प्रयास

हालिया वर्षों में टूटते-बिखरते परिवारों का बढ़ता आंकड़ा चिंता का विषय बन गया है। दुनिया के हर समाज में परिवार के महत्व को रेखांकित किए जाने के बावजूद पारिवारिक ढांचा बिखर रहा है। कहीं बच्चे अकेले छूट रहे हैं तो कहीं बुजुर्ग स्नेह-साथ को तरस रहे हैं। बहुत से युवा शादी कर परिवार बसाना ही नहीं चाहते तो कई कपल्स शादी के बाद अपने रिश्ते को बिखरने से नहीं बचा पा रहे हैं। दुनिया भर में पारिवारिक सुदृढ़ता के लिए सराहे जाने वाले हमारे देश में भी अब तलाक के मामले बढ़े हैं। अपनों के साथ ही बर्बरता करने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। बदलती लाइफस्टाइल के चलते परिवार छोटे होते जा रहे हैं। जीवन की आपा-धापी में इतना कुछ नया जुड़ रहा है कि परिवार और अपने ही पीछे छूट रहे हैं। पारिवारिक कलह के चलते लोग अपनों की जान लेने से भी नहीं चूक रहे। भावनाओं भरे जुड़ाव पर स्वार्थी सोच हावी हो रही है। वर्चुअल दुनिया में अंजान चेहरों से जुड़ने के इस दौर में अपनों की उपेक्षा की संस्कृति पनप रही है। यही वजह है कि पारिवारिक मूल्यों को सहेजने के लिए कोशिशें जरूरी हैं। बदलते हालातों से जुड़ी सजगता लाने, परिवार के प्रति लोगों में लगाव को बढ़ाने और इस संस्था की अहमियत बताने के लिए ही इंटरनेशनल फैमिली-डे मनाया जाता है। हर साल यह दिन एक खास थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। वर्ष 2025 की थीम 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां-सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' रखी गई है। जिसका उद्देश्य समाज के डेवलपमेंट के लिए परिवार की बेहतरी से जुड़ी पॉलिसीज पर फोकस करना है। साथ ही यह विषय फैमिली सिस्टम से जुड़ी मौजूदा नीतियों और मुद्दों के एनालिसिस और रिव्यू से भी जुड़ा है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा पॉलिसीज को समझकर ही भविष्य में पारिवारिक मूल्यों को बेहतर बनाने की राह तलाशी जा सकती है।

## अपनों का प्रेम-साथ-स्नेह अनमोल

असल में व्यवस्थागत प्रयासों के साथ हमें भी परिवार से जुड़ाव के अर्थ को समझना होगा। सब कुछ बनाने-जुटाने के फेर में गांवों से लेकर मेट्रो सिटीज तक लोग यह भूल रहे हैं कि परिवारजनों के बीच साझे सुख-दुःख की भावना ही रीत रही है। आज भावनात्मक दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे में हमें याद रखना होगा कि परिवार के सभी सदस्यों को भावनाओं की डोर से बंधे रहना चाहिए। अपनों का साथ हर किसी के मन को छोटी से छोटी खुशी में भी अनमोल सुख देता है। रिश्तों का यह ताना-बाना स्नेह बांटना भी सिखाता है और खुशियों को जीना भी। फाइनेंशियल परेशानी हो या बीमारी, अपने ही तो हर कष्ट में साथ खड़े नजर आते हैं। इतना ही नहीं अपनों का साथ पाकर हर तरह के दुःख से जूझने की शक्ति भी मिलती है। कई समस्याएं दिलो-दिमाग को विचलित किए बिना ही हल हो जाती हैं। संबल और सुख का यह परिवेश परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। तीज-त्योहारों की रौनक भी अपनों के साथ से ही होती है। मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां, परिवार के साथ बिना अधूरी-सी लगती हैं। घर-परिवार से मिलने वाला सुख-समर्पण का यह भाव ही हमें समाज और देश से जोड़ता है। समझना मुश्किल नहीं कि स्ट्रेस, डिप्रेशन और अकेलेपन से जूझते लोगों के आंकड़े में इजाफे का एक कारण पारिवारिक टूटन भी है। अपनी जड़ों से जुड़ाव रखना हो या मन-जीवन की जद्दोजहद का सामना करना, परिवार का साथ बहुत मायने रखता है। अपनों के बीच अनमोल साथ स्नेह को कायम रखने वाली कुटुंब व्यवस्था की भूमिका सुरक्षा, सेहत और संभाल हर पहलू पर अहम है।

---

# दुख बांटने का सुख एक मानवीय अनुभव

सुख-दुख हर किसी के जीवन में आते हैं। लेकिन दुख साझा करने से उसे सहना थोड़ा आसान हो जाता है। इसलिए घर-परिवार में या कोई भी जानने वाला अगर दुख में दिखे तो उसका सहारा बनें, उसका दुख जरूर बांटें।

संवेदना
**यशोधरा भटनागर**



रहीम का एक दोहा है- रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय/ सुनि अठिलैहैं लोग सब, बांटि न लैहैं कोय।। इस दोहे का मतलब है कि अपने मन के दुख को मन में ही रखना चाहिए। दूसरों का दुख सुनकर लोग इठला भले ही लें, लेकिन उसे कम करने वाला कोई नहीं होता। साथ ही, लोग दूसरे का कष्ट सुनकर उसका उपहास भी उड़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि दुख बांटने से कम होता है। सच ही है, दुखों को हल्का करने के लिए, सिर रख कर रोने के लिए एक कंधा मिल जाए तो दुख कम तो नहीं होता पर एक ऐसा एहसास जुड़ जाता है, जो व्यक्ति के लिए संबल बन जाता है और वह दुख का सामना करने की शक्ति पा जाता है।

**जीवन को गतिमान बनाते हैं सुख-दुखः** मनुष्य का जीवन सुख और दुख के द्वंद्व में सदा गतिमान रहता है। सुख हमें आनंद देता है, परंतु दुख हमारी सहनशीलता, हमारे रिश्तों और हमारे भीतर छुपे मानवीय गुणों की परीक्षा लेता है। दुख एक ऐसा अनुभव है, जिसे यदि अकेले सहा जाए तो वह भारी लगता है, लेकिन यदि इसे किसी के साथ बांटा जाए, तो यह हल्का लगता है, एक अनोखे सुख का भी रूप ले लेता है। यह सुख गहरे मानवीय संबंधों और सहानुभूति के मूल्य को दर्शाता है। इसलिए हमें अपने आस-पास के लोगों का दुख बांटना चाहिए, दुखी व्यक्ति को अकेले नहीं छोड़ देना चाहिए। अस्सी वर्षीया शांति देवी की आंखें उस दिन बार-बार बरस रही थीं। पति का जन्मदिन जो था। भावों का तीव्र प्रवाह हृदय को उद्वेलित कर रहा था। सात बरस हो गए पति के देहांत हुए, लेकिन आज भी वह आस-पास ही महसूस होते हैं। शांति देवी पल भर भी उन्हें भुला नहीं पाई हैं। पहाड़-सा दुख मन पर डटा खड़ा है। दीवारों से घिरी वो अकेली हैं, नितांत अकेली। वे दीवारों से ही बतियाती हैं। दीवारें मौन हैं और दुख का पहाड़ उतना ही बड़ा। यह आज के समाज का विद्रूप-कुरूप चेहरा है।

**कम होता है भावनात्मक बोझः** दुख एक मानसिक और भावनात्मक बोझ है। इसे बांटने की प्रक्रिया न केवल इस बोझ को हल्का करती है, बल्कि उसमें छुपे तनाव, अकेलेपन और हताशा को भी कम करती है। यह वही प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने भीतर के भावों को शब्दों के माध्यम से बाहर निकालता है। एक सच्चे मित्र या हमदर्द के साथ ऐसा करने से व्यक्ति को यह विश्वास होता है कि कोई उसे समझ रहा है, उसकी पीड़ा में शामिल है। यह विश्वास ही उसे मानसिक और भावनात्मक सुकून देता है।



**दुख सुनाने और सुनने वाले बंधते हैं अदृश्य बंधन मेंः** हर व्यक्ति को जीवन में ऐसे किसी साथी की आवश्यकता होती है, जो उसके दुख को सुन सके, उसे समझ सके। मित्रता और हमदर्दी इस प्रक्रिया में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। एक सच्चा मित्र न केवल हमारे सुख के पलों का सहभागी होता है, बल्कि हमारे दुख के समय एक आश्रय भी बनता है।

**मिलती है आंतरिक संतुष्टिः** जब हम किसी के साथ अपना दुख साझा करते हैं, तो हमें एक आंतरिक संतुष्टि मिलती है। यह संतोष इस बात का प्रतीक है कि हमने अपने भावनात्मक बोझ को हल्का किया है।


---

# प्रॉपर मेकअप से मिलेगा अट्रैक्टिव लुक



मेकअप
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

आकर्षक-खूबसूरत दिखने के लिए आप हर पॉसिबल स्टेप फॉलो करती हैं। अगर किसी पार्टी में जाना हो तो स्टाइलिश ड्रेस चुनती हैं, ताकि सबसे अलग दिखें। लेकिन अच्छी ड्रेस भी आपकी ब्यूटी को तभी उभारता है, जब मैचिंग मेकअप अप्लाई किया जाए। हालांकि मेकअप तो सभी महिलाएं करती हैं लेकिन सही तरीके से किया गया मेकअप ही आपके लुक को निखार सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपको मेकअप करने का सही तरीका पता हो। अगर आप मेकअप करने से पहले यह तय ही नहीं कर पाती हैं कि आपको किस तरह का मेकअप करना है और कैसा मेकअप आप पर अच्छा लगेगा, तो हम आपको सिंपल लेकिन इंप्रेसिव मेकअप स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।



**बेस तैयार करेंः** मेकअप बेस तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले प्राइमर लगाना चाहिए। इसके बाद चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और फाउंडेशन का चुनाव हमेशा अपनी स्किन टोन से एक टोन अपर शेड का सेलेक्ट करें। इसके बाद आप फेस पावडर लगाएं। अगर आप गालों को हाईलाइट करना चाहती हैं, तो पीच ब्लश ऑन का भी इस्तेमाल करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि फाउंडेशन लगाने के बाद गीले स्पंज को चेहरे पर डैब करें, ताकि फाउंडेशन अच्छे से ब्लेंड हो जाए।

**आई मेकअपः** निखरी खूबसूरती पाने के लिए आंखों का परफेक्ट मेकअप भी बहुत मायने रखता है। अच्छा आई मेकअप आपके पूरे लुक को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आंखों के आस-पास की स्किन और पलकों के ऊपरी हिस्से पर बेस तैयार करना चाहिए और प्राइमर और फाउंडेशन लगाना चाहिए। आप आंखों को यदि बड़ा दिखाना चाहती हैं, तो लाइट आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहिए। आप काजल और आईलैशेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लिपस्टिकः** लिपस्टिक का चुनाव करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि डे पार्टी में लाइट और न्यूड शेड्स की लिपस्टिक कैरी करें और नाइट पार्टी में डार्क रेड, ब्राउन या फिर डार्क पिंक कलर की लिपस्टिक अप्लाई करें। होंठों के आकर्षण के लिए लाइट और नेचुरल कलर्स का उपयोग करना चाहिए। ज्यादा डार्क या ब्राइट कलर लगाने से परहेज करना चाहिए। लिपस्टिक की रंगत चुनते समय अपनी स्किन शेड को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपकी स्किन टोन में पीलापन है तो ऑरेंज कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। डस्की स्किन के लिए यलो कलर की लिपस्टिक से परहेज करें। गर्मियों में सामान्य त्वचा के लिए हल्के रंग बेहतर लगते हैं, लेकिन सांवली रंगत के लिए चमकीले रंग बेहतर होंगे। आप डार्क यलो शेड्स का प्रयोग भी कर सकती हैं। रात में होंठों से लिपस्टिक हटाना न भूलें। लिपस्टिक के बचे रंग होंठों को सूखा कर सकते हैं।

---

आजकल अनेक महिलाएं कई वजहों से अलग-अलग मनोरोगों की शिकार हो रही हैं। क्यों होता है ऐसा, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें और इससे बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# तब आपका मन नहीं होगा बीमार

मेंटल हेल्थ
**डॉ. विपुल रस्तोगी**
सीनियर साइकिएट्रिस्ट, गुरुग्राम

आज लोगों की जीवनशैली में व्यस्तता इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि उनके पास खुद पर ध्यान देने और अपने परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करने का समय नहीं होता है। इस तनावपूर्ण जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। इस दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। इनके बारे में आपको पता होना चाहिए।

**मेंटल स्ट्रेसः** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और शहरों में न्यूक्लियर फैमिली की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें। इसकी वजह से उनका तनाव बढ़ने लगता है।

**प्रमुख लक्षणः** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, अनिद्रा, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और निराश हो जाना इसके प्रमुख लक्षण हैं।



**बचाव-उपचारः** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ मन की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनें, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योग और प्राणायाम करें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक से संपर्क करें।

**एंग्जायटीः** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**प्रमुख लक्षणः** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की घड़कन तेज होना, पसीना आना, थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।

**बचाव-उपचारः** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें।



**डिप्रेशनः** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और जीने से अरुचि की भावना लंबे समय तक बनी रहे, तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही हैं।

**प्रमुख लक्षणः** अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, हीन भावना, आत्मविश्वास में कमी, डिप्रेशन के लक्षणों में शामिल हैं।

**बचाव-उपचारः** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकिएट्रिस्ट से सलाह लें।

**प्रस्तुतिः विनीता**

---

आप नया घर बनवा रही हैं या पुराने घर का रिनोवेशन करवा रही हैं तो आप जरूर किचेन को भी आकर्षक डिजाइन में देखना चाहेंगी। इसलिए हम आपको यहां बता रहे हैं, कुछ मॉडर्न किचेन डिजाइंस के बारे में।

# अट्रैक्टिव-कंफर्टेबल मॉडर्न किचेन डिजाइन

इंटीरियर
**रेणु लैसी फ्रांसिस**



हर घर में रसोई यानी किचेन का खास महत्व होता है। यहीं पर आप पूरे परिवार के लिए खाना-नाश्ता बनाती हैं। होम मेकर्स के दिन का काफी समय यहीं बीतता है। इसलिए इसका इंटीरियर न केवल आकर्षक बल्कि सुविधाजनक भी होना चाहिए। हालांकि पुराने दौर में घरों में जिस तरह के किचेन हुआ करते थे, आज उसके स्वरूप में काफी बदलाव हुए हैं। जैसे-जैसे तकनीक में सुधार हुआ, किचेन में सुविधाएं भी बेहतर होती गई हैं। आजकल मॉड्यूलर किचेन महिलाओं की पहली पसंद बन रही है। नए इंटीरियर ट्रेंड में किस तरह के किचेन पसंद किए जा रहे हैं, आप जरूर जानना चाहेंगी।

**ओपन किचेनः** आजकल विदेशों की तरह अपने यहां भी घरों में ओपन किचेन लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा हैं। यह डायनिंग रूम और हॉल के साथ ही बनाए जाते हैं। ओपन किचेन में कोई दरवाजा नहीं होता, यह बिल्कुल खुला हुआ होता है। चारों तरफ से रोशनी और हवा आती रहती है। आप इस किचेन में काम करते हुए अन्य लोगों से बातचीत भी कर सकती हैं। आप किसी इंटीरियर डिजाइनर की सलाह से ओपन किचेन बनवा सकती हैं।



**वाल किचेनः** छोटी जगह के लिए वाल किचेन एक अच्छा ऑप्शन है। आजकल लोग एक दीवार वाला किचेन ज्यादा बनवाना पसंद कर रहे हैं। आप रसोई के सामानों को एक दीवार के साथ व्यवस्थित रख सकती हैं। जिससे सब कुछ आसानी से एक ही जगह मिल जाता है। किचेन में सामानों को स्लाइडिंग दरवाजे के पीछे या कैबिनेट के भीतर रखा जा सकता है। आप एक सामान के ऊपर दूसरा सामान भी रख सकती हैं, जिससे छोटी जगह का भी उपयोग ईजीली हो जाता है।

**एल शेप किचेनः** आजकल एल शेप के किचेन भी काफी बनवाए जा रहे हैं। यह छोटी और बड़ी दोनों जगहों पर आसानी से बन जाता है। इसमें आप कम जगह में ज्यादा सामान को आसानी से स्टोर कर सकती हैं। कुकिंग एरिया और स्टोर को अलग दो भाग में बनाने के लिए आजकल एल शेप के किचेन ज्यादा बनाए जा रहे हैं। एक तरफ खुली जगह जहां आप खाना बना सकती हैं। दूसरे भाग में आप सामान रख सकती हैं। अगर आपके पास छोटा किचेन स्पेस है तो एल शेप का किचेन बनवा सकती हैं।

**पैरेलल किचेनः** ऐसा किचेन कम जगह में आसानी से बन जाता है। अगर आपके घर में स्मॉल गैलरी जैसा शेप है तो आप यहां पैरेलल किचेन बनवा सकती हैं और किचेन को क्लासिक लुक भी दे सकती हैं। पैरेलल किचेन में एक समय में एक से अधिक व्यक्ति काम नहीं कर पाते हैं।

**यू शेप किचेनः** आपके घर में ज्यादा और बड़ी जगह है तो आप यू शेप का किचेन बनवा सकती हैं। इसमें आपको स्पेशियस स्टोरेज की सुविधा मिलेगी। यू शेप के किचेन में आप आसानी से सिंक, कुकटॉप, ओवन और रेफ्रिजरेटर को रख सकती हैं। यू शेप के किचेन में दो-तीन लोग आराम से एक साथ काम कर सकते हैं। आपका परिवार बड़ा है तो यू शेप किचेन को बनवाने में ही समझदारी है।



**(इंटीरियर डिजाइनर वरिजा बजाज से बातचीत पर आधारित)**

### मुख्यमंत्री ने बनाए व्यंजन



भोपाल। रविवार को लालबाग परिसर में आयोजित मालवा उत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यंजन स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक स्टॉल पर भजिए तले और उनका स्वाद चखा।

## द चेंजमेकर कॉन्क्लेव में शामिल हुए सीएम

# विकास, नवाचार और जन सरोकार पर हुई खुली चर्चा, युवाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित द चेंजमेकर कॉन्क्लेव में विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया।

हंसी, प्रेरणा और विचारों के आदान-प्रदान से भरपूर यह आयोजन नवाचार, सुशासन और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित रहा।

### जल उपयोग की दिशा में ठोस कार्य हो रहे





### मुख्यमंत्री ने क्लाइमेट मिशन इंदौर की रिपोर्ट का विमोचन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में खेल स्टेडियम और हेलीपैड बनाए जा रहे हैं, पांच रुपए में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। जल उपयोग की दिशा में भी ठोस कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड गठित किए गए। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित जनप्रतिनिधि और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के चेंजमेकर उपस्थित रहे। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने क्लाइमेट मिशन इंदौर की रिपोर्ट का विमोचन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत, ई- कोर्ट, कृषि, खेल, न्यायपालिका, डेयरी जैसे विविध विषयों पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की मूल भावना बहुत अच्छी है। सरकार के माध्यम से हम प्रयासरत हैं कि प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

## खबर संक्षेप

### 22 से होगी डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होंगी, जो 13 जून तक चलेंगी। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 23 मई से 11 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक रहेगा।

### आज इंदिरा गांधी को याद कर रहा देश: कमलनाथ

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी पोस्ट में उल्लेख किया कि आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को याद कर रहा है। मुझे अच्छी तरह याद है कि 1971 के बांग्लादेश युद्ध से पहले उन्होंने किस धैर्य और कूटनीतिक ऊंचाई का परिचय दिया था। मुझे भी कलकत्ता में इस काम की कुछ जिम्मेदारी दी गई थी और जब मौका आया तो इंदिरा गांधी ने अपूर्व आन-बान-शान, पराक्रम और शौर्य से पाकिस्तान के दो टुकड़े किए। वे शांति की पुजारी थीं, लेकिन युद्ध से कभी पीछे नहीं हटीं।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया भूमिपूजन, इंदौर को मिलेगा नया सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र

### स्वामी विवेकानंद का जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीकः डॉ. मोहन

# इंदौर में स्थापित होगी स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊंची भव्य प्रतिमा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक था। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत और विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। मूर्ति स्थापना इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

### विलक्षण संत थे स्वामी विवेकानंद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है।



### विजयवर्गीय का सुझाव, लाइब्रेरी भी स्थापित होः मंत्री विजयवर्गीय

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही यहां पर लाइब्रेरी की भी स्थापना की जाए, जिसमें स्वामी विवेकानंद से संबंधित साहित्य हो। इससे युवाओं को जीवन में सफलता के लिए मार्गदर्शन मिलेगा और जीने की नई राह मिलेगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह प्रतिमा न केवल युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराएगी, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित करेगी। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला तथा राकेश शुक्ला, पूर्व विधायक जीतू जिराती और सुदर्शन गुप्ता सहित प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### नरेश कुमावत करेंगे प्रतिमा का निर्माण

प्रतिमा का निर्माण देश के ख्यातिप्राप्त मूर्तिकार नरेश कुमावत द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने देशभर में कई प्रतिष्ठित मूर्तियां निर्मित की हैं। प्रतिमा स्थल पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर आधारित एक विशेष गैलरी भी स्थापित की जाएगी, जहां चित्रों, दस्तावेजों और डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रेरित किया जाएगा। यह स्थान इंदौर के लिए एक नई पहचान, सांस्कृतिक गौरव और पर्यटन विकास का केंद्र बनेगा। निर्मित होने वाली प्रतिमा की संरचनात्मक आधार सहित कुल ऊंचाई लगभग 52 फीट होगी।

### रेसीडेंसी कोठी परिसर में किया भूमिपूजन

## न्यायाधीशों के लिए इंदौर में बनेगा गेस्ट हाउस : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इंदौर में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। उन्होंने रविवार को रेसीडेन्सी कोठी परिसर इंदौर में गेस्ट हाउस का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एससी शर्मा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति एवं निर्माण समिति के चेयरमैन संजीव सचदेवा मौजूद रहे। शिलान्यास समारोह में उच्च न्यायालय के एडमिनिस्ट्रेटिव जज विवेक रुसिया, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल धर्मेन्द्र सिंह, न्यायामूर्ति आनंद पाठक सहित उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति एवं एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल



संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, संभागायुक्त दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने किया मां अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नए स्वरूप का लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में कनाडिया में स्थित 200 वर्ष पुरानी मां अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नए स्वरूप का लोकार्पण किया। उन्होंने यहां शिव मंदिर में पूजन किया और मां अहिल्या की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया है। जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक तुलसीराम सिलावट ने बताया कि होलकर कालीन इस बावड़ी का निर्माण लगभग 200 साल पहले देवी अहिल्याबाई की ओर से कराया गया था। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सारंगपुर में जवानों के माता-पिता को नमन कर आभार माना

## सीमा पर तैनात जवानों के परिजनों से मिले मंत्री टेटवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा के ग्राम खासपुरा पहुंचकर राजस्थान के जैसलमेर में तैनात सेना के दो वीर जवानों धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी और विजेन्द्र सिंह सोलंकी के परिजन से मुलाकात की। मंत्री टेटवाल ने जवानों के परिजन का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें नमन करते हुए उनके बेटों की वीरता और समर्पण से देश सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उनके सम्मान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सैनिकों के परिजन के प्रति हमारा कर्तव्य केवल सम्मान करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कृतज्ञता और सेवा का भी है।

## मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक में कार्यों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास होटल में हुई। बैठक में विगत कार्यों की जानकारी संगठन सचिव अवधेश कुमार दुबे ने दी।

कमलापति रेलवे स्टेशन के पास होटल में हुई इस बैठक उपस्थित जन्मदिन धारकों को जन्मदिन की बधाइयां देते हुए शॉल-श्रीफल से उनका स्वागत तथा सम्मान किया गया। उनके भविष्य की उज्जवल कामना की। अल्पाहार के बाद वंदना जैन तथा उनके साथियों ने आधे घंटे का ध्यान शिविर आयोजित किया।

### स्व. सलूजा की पुण्य स्मृति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा में अर्पित की पुष्पांजलि

## सलूजा ने भाजपा में प्रभावी भूमिका निभाईः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा की पुण्य स्मृति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित वरिष्ठ नेता एवं पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

श्रद्धांजलि सभा में स्व. नरेन्द्र सलूजा की धर्मपत्नी रिम्पी सलूजा, पुत्र मीत सलूजा एवं पुत्री आश्वी सलूजा सहित उनके परिजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

**सलूजा ने कर्मठता और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन किया**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि नरेंद्र सलूजा ने बहुत जल्द भाजपा की संगठन पद्धति को आत्मसात कर पार्टी के लिए प्रभावी भूमिका निभाई। उन्होंने कर्मठता और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन किया।

**नरेंद्र का व्यक्तित्व प्रखर और निडर थाः हितानंद**

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि नरेंद्र सलूजा का व्यक्तित्व प्रखर और निडर था। वह सूचना के स्रोत थे। सलूजा हमेशा कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी का कार्य करने के लिए सबसे आगे की पंक्ति में खड़े रहते थे। सलूजा का अचानक चला जाना हम सब के लिए पीड़ादायक और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने संबोधित कर नरेन्द्र सलूजा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# दर्दनाक सड़क हादसे में छात्रा की मौत, बहन गंभीर रूप से घायल



**कैप्सूल वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, बम्हनीडीह-बिर्रा मार्ग की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले में सोमवार को बम्हनीडीह-बिर्रा मार्ग पर एक कैप्सूल वाहन ने फिर से एक छात्रा की जान ले ली। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एलएलबी की पढ़ाई कर अपने परिवार के सपनों को साकार करने की राह पर थी उमा कश्यप, लेकिन इस हादसे ने उनके सपनों और परिजनों की उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह में एक अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने स्कूटी सवार दो बहनों को अपनी चपेट में ले लिया। स्कूटी पर सवार उमा कश्यप कैप्सूल वाहन के पहिए के नीचे आ गई और सड़क पर घसिटती गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, उसकी बहन सड़क किनारे गिरने से मामूली रूप से घायल हुई। घटना की सूचना मिलते ही बम्हनीडीह पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को घायल बहन ने बताया कि मृतका का नाम उमा कश्यप था, जो बिर्रा गांव से जांजगीर एलएलबी की पढ़ाई के लिए जा रही थी। वह अपनी बहन को स्कूटी से छोड़ने जा रही थी, तभी एक अनियंत्रित कैप्सूल वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर कैप्सूल वाहन को कब्जे में ले लिया है। वाहन छोड़कर फरार हुए चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।



**दो दिनों से नहीं उठा रहे थे फोन, हार्टअटैक की आशंका, मामले की जांच जारी**

## पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालन अभियंता की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत धनुष सिंह नेताम (45) का शव उनके शासकीय क्वार्टर में मिला। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज और मामले की जांच शुरू कर दी है।

वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कांकेर जिले के ग्राम सरोना निवासी धनुष सिंह नेताम शनिवार सुबह अपने कार्यालय गए थे। कार्यालय का काम पूरा करने के बाद वे अपने शासकीय क्वार्टर, पथरागुड़ा लौटे। इसके बाद दो दिनों तक उन्होंने परिजनों या सहकर्मियों के फोन कॉल का जवाब नहीं दिया। चिंतित परिजनों ने कार्यालय के कर्मचारियों से संपर्क किया। जब ड्राइवर उनके क्वार्टर पहुंचा तो दरवाजा खुला था और धनुष सिंह सोफे पर मृत अवस्था में मिले। ड्राइवर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। परिजनों को भी सूचित किया गया, जो जगदलपुर पहुंच गए हैं। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से मृत्यु की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 'इस्लाम और विश्व शांति' व्याख्यान का आयोजन

## धरती को जहन्नुम बनाकर जन्नत के जो सपने दिखाए वो 'काफिर'





**नई दिल्ली।** संस्कार को अपनी वास्तविक धरोहर और संपूर्ण सनातन भारत को ही मूल लक्ष्य मानने वाली संस्था चेतना ने राष्ट्रवाद की लौ को और प्रखर करने के लिए रोहिणी में 'इस्लाम और विश्व शांति' व्याख्यान का आयोजन किया। लाला पन्ना लाल सिंघल स्मृति व्याख्यानमाला की यह नौवीं कड़ी थी। जाने माने उद्योगपति अनिल सिंघल व्याख्यान के स्वागताध्यक्ष रहे। ज्वलंत विषय पर वक्ताओं के तथ्यपूर्ण व तार्किक संबोधन से राष्ट्रवाद की भावनाओं का ऐसा सैलाब आया जो सभागार में मौजूद हर किसी को अपने साथ बहा ले गया। वक्ताओं का ओज, आक्रोश और आक्रामक तेवर इस कदर हावी हुए कि बार-बार भारत माता की जय, वंदेमातरम के नारे गूंजते रहे। वक्ताओं की सर्वसम्मत राय थी कि इस्लाम और विश्व शांति, दोनों एक-दूसरे के कट्टर विपरीत शब्द हैं। तथ्यों सहित बताया गया कि विश्व में जहां-जहां इस्लाम है, वहां -शांति क्यों नहीं है, वहां क्यों अराजकता है, आतंकवाद है। धरती को जहन्नुम बना कर किस जन्नत के सपने दिखाए जा रहे हैं। देश में शांति के लिए संविधान, कानून, तंत्र और व्यवस्था की पुनः समीक्षा करनी होगी, इनमें आधारभूत परिवर्तन करना होगा।

### व्याख्यान के मुख्य वक्ता

और दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. संगीत रागी ने इस अवसर पर अनेक प्रमाण देते हुए कहा कि मुझे तो यह विषय, 'इस्लाम और विश्व शांति' अटपटा लग रहा है। भारत का विभाजन 1947 में धर्म के आधार पर हुआ। उस समय भारत के नेताओं की जिद थी कि हम साथ रह कर दिखा सकते हैं। कोई पूछे उन नेताओं ने क्या करके दिखाया? दुष्परिणाम आज सबके सामने हैं।

## चिंतन

# भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक विराट युग का अंत

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली, जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। किंग कोहली के संन्यास को भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक विराट युग का अंत है। उन्होंने पिछले साल ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। वह अब सिर्फ एक दिवसीय क्रिकेट में खेलेंगे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव भी देखे। 2006 में 18 बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनका अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए। कोहली ने पिछली और मौजूदा पीढ़ी को टेस्ट क्रिकेट से प्यार करना सिखाया। इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। 36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं, जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं। कोहली ने 2014 से 2019 के दौरान टेस्ट क्रिकेट में आक्रामकता की नई परिभाषा लिखी। उनके कवर ड्राइव और फ्रंट फुट पर खेले गए शॉट क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेंगे। सचिन तेंदुलकर को उनकी परिपक्वता के लिए जाना जाता है, तो विराट का व्यक्तित्व गैर अनुरूपतावादी है। कोहली ऐसे दौर में बड़े हुए जब तेंदुलकर का जादू सिर चढ़कर बोलता था और फिर पहचान बनाई। टी-20 के इस दौर में कोहली पांच दिनी क्रिकेट के आखिरी सुपरस्टार कहे जा सकते हैं। अब शायद ऐसा जुनून फिर देखने को न मिले। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली है, उन्होंने अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया है। नई पीढ़ी के टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वे हमेशा आदर्श बने रहेंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली के अविस्मरणीय योगदान पर देश को गर्व है। विराट कोहली ने अपने करियर के शिखर पर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहकर मिसाल कायम की है। इससे पहले भारत के हिटमैन रोहित शर्मा भी इसी तरह अपने करियर के स्वर्णिम शिखर पर रहते हुए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। टेस्ट क्रिकेट के मैदान पर शायद ही ऐसी कोई चुनौती रही हो, जिसने विराट कोहली को विचलित किया हो। उन्होंने चुनौतियों से लड़ना नहीं छोड़ा और 2014 से 2019 के बीच ऐसी ऊंचाईयों को छुआ, जहां आधुनिक दौर के कई क्रिकेटर नहीं पहुंच पाए हैं। उनका प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध के दौर में एमएसएमई की अहमियत


**पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।**

यकीनन इस समय पाकिस्तान से युद्ध के माहौल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के संसाधनों और उत्पादन प्रणाली पर दबाव के मद्देनजर देशभर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वस्तुतः आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने पर स्थानीय स्तर पर मौजूद एमएसएमई खाद्य उत्पाद, छोटे रक्षा उत्पाद और दवाई जैसी अन्य जरूरी वस्तुओं का तेजी से कम लागत पर उत्पादन करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि 7 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जिन विभिन्न मंत्रालयों को युद्ध जैसे हालातों के बीच अपनी पूरी क्षमता के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया है उनमें उद्योग मंत्रालय और एमएसएमई भी शामिल है।

गौरतलब है कि एक ओर पाकिस्तान से चरम पर पहुँचे युद्ध तनाव और दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच अमेरिका के द्वारा भारत पर घोषित किए गए 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों के विराम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई को कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीदारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों से अपने बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी मान रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहाँ एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा,वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है की सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड रुपये किया गया है। इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।

निस्संदेह एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई मंत्रालय की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष 2024-



25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसएमई के लिए निर्मित होने वाली विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की है। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन पाकिस्तान से युद्ध के माहौल और ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुट्ठी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हर संभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाए हैं, जो कि चीन पर 245 फीसदी, बांग्लादेश पर 37 फीसदी तथा श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ से कम है। ऐसे में भारत के कई चुनिंदा एमएसएमई उत्पादों को तुलनात्मक लाभ मिल सकता है। फिर भी 26 फीसदी टैरिफ की व्यापक चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर आगे बढ़ने के लिए कई और बातों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। नए सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लाना होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जा सकती है। सरकार के द्वारा एमएसएमई को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के परिपालन में आ रही कठिनाइयों पर ध्यान देते हुए जीएसटी व्यवस्था को सरल करना होगा। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुठ्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। ऐसे विभिन्न उपायों से भारत टैरिफ की चुनौतियों को एमएसएमई के लिए उभरते हुए नए अवसरों के दौर में बदल सकता है।

निश्चित रूप से देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के द्वारा हाल ही में प्रस्तुत यह उम्मीद लाभप्रद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौता (बीटीए) के लिए की जा रही व्यापार वार्ता सफल रूप से निष्कर्ष पर पहुंचने के बहुत करीब है। ऐसे में भारत पहला देश हो सकता है जो अमेरिका के साथ समझौता करेगा।

(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



विराट कोहली
विनोद पाठक

# अलग ही मिट्टी के बने हैं किंग

दिवंगत अभिनेता देवानंद की फिल्म 'हम दोनों' का प्रसिद्ध गीत है 'अभी न जाओ छोड़कर के दिल अभी भरा नहीं'। क्रिकेटर विराट कोहली के लिए आज दुनियाभर में करोड़ों फैन्स के मन में यही गीत बज रहा है। विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर दो दिन से चल रही ऊहापोह उस समय समाप्त हो गई, जब विराट कोहली के संन्यास की आधिकारिक घोषणा हो गई। पिछले वर्ष टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब विराट कोहली वन-डे क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, लग तो यही रहा है कि जल्द ही वह वन-डे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। जैसा नाम है, वैसा ही विराट व्यक्तित्व कोहली का है, जिन्हें साथी खिलाड़ी प्यार से चीकू भी पुकारते हैं। वर्ष 2008 में अंडर-19 टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीताने से लेकर अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने तक विराट कोहली के व्यक्तित्व में 360 डिग्री का परिवर्तन देखने को मिला है। जब विराट कोहली अंडर-19 में खेलते थे तो एक चबी ब्वॉय हुआ करते थे। तब विराट कोहली की फिटनेस वैसी नहीं थी, जैसी आज है। इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखते ही विराट कोहली ने न केवल स्वयं को बदला, बल्कि आज वह लाखों-लाख युवाओं के लिए फिटनेस को लेकर प्रेरणास्रोत भी बन गए हैं। 36 वर्षीय विराट कोहली की फिटनेस आज भी टीम इंडिया में खेल रहे कई युवा क्रिकेटरों के कहीं बेहतर है। मास्टर ब्लॉस्टर सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद यदि भारतीय फैन्स को किसी एक क्रिकेटर पर यह विश्वास रहा है कि अगर वह मैदान पर खड़ा है तो टीम इंडिया जीत सकती है तो वह विराट कोहली ही हैं। विराट कोहली को चेस मास्टर यानी रनों का पीछा करने वाला खिलाड़ी भी कहा जाता है। उन्होंने टीम इंडिया को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई है। कई क्रिकेटर तो यह कहते हैं कि विराट कोहली जब मैदान पर होते हैं तो उनके दिमाग में बॉल दर बॉल एक अलग ही कैलकुलेशन चलती है, जो कोई दूसरा क्रिकेटर नहीं कर पता है। विराट कोहली न केवल खुद खेलते हैं, बल्कि साथी खिलाड़ी को भी वह उसी अंदाज में खिलाते हैं कि टीम अपनी जीत सुनिश्चित कर लेती है।



विराट कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, वह एक बड़े यूथ आइकॉन भी हैं। वह भारत के बहुत बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई तक उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। जब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ले. जनरल घई भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तब उन्होंने विराट कोहली के रिटायरमेंट की बात कही। इससे पता चलता है कि विराट कोहली की फैन फॉलोइंग कहां तक है? अपने करियर की शुरुआत में एक इंटरव्यू में विराट कोहली ने कहा था कि वो नास्तिक हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विराट कोहली का झुकाव अध्यात्म की तरफ झुका है। इसमें उनकी धर्मपत्नी अनुष्का शर्मा का बहुत बड़ा योगदान है। विराट कोहली नीम करोली बाबा के कैंची धाम और वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में जा चुके हैं। उज्जैन में महाकाल दर्शन का विराट कोहली का एक वीडिया भी वायरल हुआ था। यदि हम विराट कोहली के टीवी इंटरव्यूज को देखें तो पता चलता है कि वह कितने सुलझे हुए व्यक्ति हैं। क्रिकेट के प्रति उनका समर्पण किसी से छिपा हुआ नहीं है।

यह किस्सा तो सभी को पता है कि अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद वह खेलने के लिए मैदान पर उतर गए थे, क्योंकि टीम को उनकी जरूरत थी। विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनकी 210 इनिंग्स में उन्होंने 9230 रन बनाए हैं, जिनमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उनका अधिकतम स्कोर 254 रन नाबाद है। टेस्ट क्रिकेट में कोहली ने 121 कैच लिए हैं। वैसे तो किंग कोहली बैट्समैन हैं, लेकिन टेस्ट की 11 इनिंग्स में उन्होंने 175 गेंदें भी फेंकी हैं, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला है। यह सत्य है कि विराट कोहली कभी अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए नहीं खेले। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सदैव टीम स्पिरिट को ऊपर रखा है। यदि व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए विराट कोहली को खेलना होता तो अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का समय नहीं था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनसे अनुरोध भी किया कि वह अपने संन्यास पर पुनर्विचार कर लें। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक समय कहा था कि आपको उस समय अपने खेल से संन्यास लेना चाहिए, जब लोग पूछें 'क्यों'? और विराट कोहली ने ऐसा ही किया है। आज लोग पूछ रहे हैं कि आखिर ऐसी जल्दबाजी थी, जो विराट कोहली ने संन्यास लिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हम जो भी करेंगे वह कर्म



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बोधिवृक्ष की छाया में जन्मा मानवता का प्रकाश

वैशाख मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पवित्र और विशेष होता है क्योंकि यही वह तिथि है जब भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाएं घटी थी। ऐसा माना जाता है कि 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा के दिन नेपाल के लुंबिनी वन में शाल वृक्षों के बीच महारानी माया देवी ने सिद्धार्थ को जन्म दिया था, जो बाद में महात्मा बुद्ध कहलाए। उनके जन्म का स्थान आज नेपाल में स्थित है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ था। वे शाक्य वंश के क्षत्रिय थे और उनके पिता कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन थे। मानवता के कल्याण के लिए उन्होंने महती योगदान दिया।

*- विजय काम्बली, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं



सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की ढेरों शुभकामनाएं। सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांत पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। त्याग और तप को समर्पित उनका जीवन विश्व समुदाय को सदैव करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### संताली भाषाविद को श्रद्धांजलि



प्रसिद्ध भाषाविद् और 'ओलचिकी' लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू को उनकी जयंती पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। मुर्मू एक लेखक थे जिन्होंने संताली भाषा के लिए 'ओलचिकी' लिपि विकसित की थी।

**ममता बनर्जी, सीएम, प बंगाल**

### बुद्ध का अनुसरण करें



बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का जीवन आत्म-बोध तथा निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी बुद्ध के ध्यान, करुणा और सह-अस्तित्व के पथ का अनुसरण कर समरस व शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### तुर्किये में पुतिन का इंतजार



रूस के साथ पूर्ण और अस्थायी युद्धविराम की उम्मीद है। मैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 'व्यक्तिगत तौर पर' बातचीत करने के लिए तुर्किये जाऊँगा। मैं तुर्किये में पुतिन का इंतजार करूंगा।

**-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति, यूक्रेन**

## करंट अफेयर

# चोरी हुई बौद्ध प्रतिमा दक्षिण कोरिया ने जापान को लौटाई



जापान के एक मंदिर से करीब 13 साल पहले चुराई गई 14वीं सदी की कोरियाई बौद्ध प्रतिमा सोमवार को वापस कर दी गई। प्रतिमा के स्वामित्व को लेकर जापान और दक्षिण कोरिया के बीच वर्षों से कानूनी लड़ाई चल रही थी, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच संवेदनशील संबंध और तनावपूर्ण हो गए थे। जब प्रतिमा को लेकर एक ट्रक जापान के पश्चिमी द्वीप तुशिमा के कन्नोनजी मंदिर में पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े मंदिर के कई सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने स्वागत करते हुए तालियां बजाईं। संभावना है कि मंदिर में एक अनुष्ठान के बाद मूर्ति को स्थानीय संग्रहालय में रखा जाएगा। बोधिसत्व की कांस्य की प्रतिमा को बैठी हुई मुद्रा में दर्शाया गया है और इसकी ऊंचाई लगभग 50 सेंटीमीटर है। इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया गया है और यह 2012 में कन्नोनजी से चुराई गई दो प्रतिमाओं में से एक थी। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उस वक्त एक प्रतिमा को जापानी मंदिर को लौटा दिया था, जब अधिकारियों ने चोरों से यह प्रतिमा बरामद की थी। मामले में चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया था और उनके खिलाफ मुकदमे चलाए गये थे। लेकिन, बोधिसत्व की प्रतिमा को लेकर कानूनी विवाद उस वक्त शुरू हो गया।

## ऑफ बीट

# मददगार कीटों को कायम रखने उठाने होंगे कदम



कीट-पतंग हमारे चारों ओर हैं- फुटपाथ पर चींटी, भिनभिनाती हुई मधुमक्खी, हवा में उड़ती हुई तितली-और वे हमारे अनुभव की दुनिया को आकार देते हैं। वे फूलों के परागण, कचरे को विघटित करने, कीटों को नियंत्रित करने और खाद्य श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मनुष्य कीटों पर कितना भी निर्भर क्यों न हो, हमारे कार्यों से दुनिया के कई हिस्सों में उनकी आबादी कम हो रही है। हाल में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि पिछले दो दशकों में अमेरिका ने अपनी 20 प्रतिशत से ज्यादा तितलियां खो दी हैं। अफसोस की बात है कि गिरावट की यह दर असामान्य नहीं है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि कीटों की आबादी हर साल दो प्रतिशत की दर से घट रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह समझने के लिए अंतरराष्ट्रीय शोध समूह 'स्टेटस ऑफ इन्सेक्ट्स' ने कीटों की कमी के कारणों पर 175 हालिया अध्ययनों की समीक्षा की। हमें सैकड़ों संभावित कारण मिले जो सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, जिनमें से लगभग सभी सीधे या परोक्ष रूप से मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न होते हैं। कीटों की कमी के कारण आपस में जुड़े हुए हैं, कीट-पतंगों की संख्या में कमी के कुछ मुख्य कारण हैं : गहन कृषि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, आक्रामक प्रजातियां और प्राकृतिक वास का नुकसान।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# देशभर के 700 से ज्यादा जिलों में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियानः शिवराज

## 29 मई से 12 जून तक किसानों से गांवों में जाकर संवाद करेंगे कृषि वैज्ञानिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में 29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। हमारे कृषि वैज्ञानिक एवं मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय कृषिकर्मियों के साथ टीम बनाकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करेंगे तथा उन्हें खेती-किसानी के संबंध में अपने स्तर पर और जागरूक करेंगे, विभिन्न सलाह देंगे। यह कवायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए "लैब टू लैंड" के मंत्र को साकार करने के लिए की जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस संबंध में सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक भी दिल्ली में आयोजित की, जिसमें देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के साथ ही देशभर में फैले आईसीएआर के 100 से अधिक संस्थानों तथा कृषि विज्ञान से जुड़े अन्य संस्थानों के साथ ही केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हाईब्रिड मोड में शामिल हुए।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना

उन्होंने कहा कि इस रचनात्मक व महत्वाकांक्षी अभियान के पीछे मकसद यही है कि हमारी खेती उन्नत-विकसित हो और हमारे किसानों को इसका सीधा फायदा मिले। नई किस्मों व सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता का प्रसार किया जाएगा, साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना भी उद्देश्य है। चार-चार वैज्ञानिकों की टीमें, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक व शिक्षित करेंगी। केवीके, आईसीएआर के संस्थानों व इफको आदि द्वारा कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



### सकारात्मक परिणाम की उम्मीद

बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि ये ऐसा कार्यक्रम भी नहीं है कि हम आज शुरू कर रहे हैं और 10-20 साल बाद इसका नतीजा आएगा, बल्कि ये एक ऐसा अभिनव कार्यक्रम है कि हम आज शुरू करेंगे व तीन महीने बाद खरीफ सीजन में ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखने की पूरी उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज आज रायपुर में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे

## दोपहर में अम्बिकापुर में आयोजित 'मोर आवास मोर अधिकार' कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार 13 मई को सुबह नया रायपुर सचिवालय में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। उसके पहले सचिवालय के क्षेत्र में चौहान के हाथों पौधा रोपण किया जाएगा। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अंबिकापुर रवाना होंगे। अम्बिकापुर में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। मुख्य अतिथि चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे तथा आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाएंगे। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व सहायता समूह की दीदियों, लखपति दीदियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे।

---

### खबर संक्षेप

#### राम पर टिप्पणी, राहुल के खिलाफ परिवाद

**वाराणसी।** अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में भगवान राम को कथित तौर पर पौराणिक और काल्पनिक बताए जाने को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को वाराणसी की एक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया। इस परिवाद में कांग्रेस पार्टी को भी पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई के लिए 19 मई को होगी।



#### पाकिस्तान के हैकर कर सकते हैं साइबर हमला

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को लोगों के लिए जारी परामर्श में कहा कि पाकिस्तान में बैठे हैकर साइबर वायरस के जरिए व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी चुरा सकते हैं, अतः उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। पंजाब पुलिस ने अज्ञात लिंक या संदेशों पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। एक्स पर पंजाब पुलिस ने जानकारी साझा की।



#### सड़क हादसे में तीन सगे भाइयों समेत पांच की मौत

**अहमदाबाद।** जिले के धोलेरा कस्बे के निकट सोमवार को एसयूवी की एक कार से टक्कर हो जाने से तीन भाइयों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। धोलेरा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर करीब तीन बजे संधेड़ा गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं।



#### बाघ के हमले में महिला की मौत, 3 दिनों में 5वीं मौत

**चंद्रपुर।** पूर्वी महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में सोमवार सुबह एक बाघ के हमले में 30 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पिछले तीन दिनों में बाघ के हमले में जान गंवाने वाली यह पांचवीं महिला है। अधिकारी ने बताया कि भद्रुनी गांव निवासी भुवनेश्वरी भेंड्रे (30) पर सुबह बाघ ने उस समय हमला किया।



## पाकिस्तान के भीतर घुसकर उसके सैन्य ढांचे का 20 फीसद तबाह किया: भाजपा

कहा, ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में 100 किलोमीटर तक घुसकर 100 से अधिक आतंकवादियों को मारा

# 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, पिछले 50 वर्षों में ऐसा कभी नहीं हुआः पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ पाकिस्तान में घुसकर करारा जवाब दिया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉ. संबित पात्रा ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना ने न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पात्रा ने नूर खान एयरबेस को विशेष रूप से उल्लेखित करते हुए कहा कि, जो एयर-टु-एयर रिफ्यूलिंग की सुविधा देता था। इसे नष्ट करने से पाकिस्तान के विमानों की हवाई क्षमता सीमित हो गई। भुलारी एयरबेस पर 50 पाकिस्तानी जवान मारे गए, जिनमें स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ भी शामिल थे। कुल मिलाकर, 9 आतंकी ठिकाने और 11 एयरबेस नष्ट किए गए तथा 100 से अधिक आतंकवादी और 50 से अधिक पाकिस्तानी जवान मारे गए। यह पहली बार है जब किसी देश ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के भीतर घुसकर उसके सैन्य ढांचे का 20 फीसद तबाह कर दिया। पाकिस्तान इस झटके को सह नहीं सका और 10 मई को ही उसके डीजीएमओ का फोन आया। इसके बाद जो स्थिति बनी, वह कोई सीजफायर नहीं बल्कि एक अंडरस्टैंडिंग है, यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ तो अंडरस्टैंडिंग स्वतः समाप्त मानी जाएगी। इस बार भारत ने अंदर घुसकर मारा है। पाकिस्तान में उनके मौलाना और मौलवियों ने भी वहां की सरकार का समर्थन नहीं किया, जबकि भारत की एकता अद्वितीय रही। पूरा देश सेना, राजनैतिक इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व के पीछे एकजुट होकर खड़ा रहा। आज पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ चुका है। पहले भारत आतंकवाद के सबूत डोजियर के जरिए देता था, लेकिन अब नया भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रहा है।

### घर में घुसकर आतंकवादियों का किया सफाया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आतंक के खिलाफ जब यह हमला हुआ, तब 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए गए, जिनमें से 5 पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में और 4 पाकिस्तान के भीतर स्थित थे। पहली बार भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत जैसे सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र में घुसकर आतंकियों का सफाया किया। यह ऑपरेशन सिंदूर की बड़ी उपलब्धि है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्रों को लक्ष्य बनाकर यह कार्यवाही की गई। पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के भीतर 100 किमी तक घुसकर कार्यवाही की, जहां अमेरिकी ड्रोन भी नहीं पहुँच पाए। यह भारत की सैन्य क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। पाकिस्तान के सरकारी अधिकारियों, सेना के जनरलों और नेताओं की मौजूदगी इन आतंकियों के जनाजों में यह सिद्ध करती है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक है। लश्कर-ए-तैयबा कमांडर अब्दुल रऊफ और पाकिस्तान के उच्चाधिकारी जनाजे में शामिल हुए।



### भारत इस बार चुप नहीं बैठेगाः प्रवक्ता

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पात्रा ने कहा कि पाकिस्तान को भली-भांति पता था कि भारत इस बार चुप नहीं बैठेगा। आतंकवाद के खिलाफ एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक के उदाहरण पाकिस्तान देख चुका था। फिर भी, वह यह नहीं समझ पाया कि हमला कब और किस रूप में होगा। प्रधानमंत्री कहा था, हम घुसकर मारेंगे और मिट्टी में मिला देंगे। वह आज पूरे देश ने साकार होते देखा है। यह केवल शब्द नहीं थे, यह भारत के संकल्प, सामर्थ्य और गौरव का जीवंत उदाहरण था।

### ऑपरेशन सिंदूर के पांच प्रमुख लक्ष्य

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पांच प्रमुख लक्ष्य थेः 1- उन आतंकी ठिकानों को समाप्त करना जो अब तक अछूते और सुरक्षित माने जाते थे। 2- आतंकवादियों को ढेर करना और उनका सफाया करना। 3- आतंकी संरचनाओं को पूरी तरह जमींदोज करना। 4- इस पूरी कार्रवाई में किसी नागरिक को कोई क्षति न हो। 5- पाकिस्तान की सेना या सैन्य अड्डों पर कोई हमला न हो – क्योंकि यह लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी, पाकिस्तान की सेना के खिलाफ नहीं। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध था और भारत ने इस लड़ाई में न केवल अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि अब भारत केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा, बल्कि निर्णायक रूप से कार्रवाई करेगा।

### पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते

डॉ. पात्रा ने कहा कि भारत सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि "पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।" पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि और 90 प्रतिशत जनता सिंधु जल पर निर्भर है। यदि यह जल रोका जाए, तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था, विशेषकर उसकी जीडीपी और कृषि व्यवस्था, पूरी तरह चरमरा जाएगी। केवल इतना ही नहीं, पावर कट्स बढ़ेंगे और पाकिस्तान की जनता त्राहि-त्राहि करेगी। भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर पर व्यापार को भी पूर्णतः रोक दिया। पाकिस्तान के किसी भी नागरिक को अब भारत में रहने की अनुमति नहीं दी गई, जिनके पास वीजा था, उन्हें वापस भेजा गया। पाकिस्तान के किसी कलाकार या सांस्कृतिक प्रदर्शन को भारत में मंच नहीं मिलेगा। यह कड़े लेकिन आवश्यक प्रतिबंध थे, जिनसे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया गया।

## 14 स्टेशनों से गुजरी 120 किमी दौड़ी पर, नहीं दिखा संपर्क क्रांति से रिसता हुआ डीजल

जरा सी चिंगारी मचा सकती थी बड़ी तबाही



एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

गाजियाबाद से लेकर अलीगढ़ तक बिहार संपर्क क्रांति के टैंक से डीजल बहा। इस बीच में 14 रेलवे स्टेशन पड़े। 120 किलोमीटर का सफर करके ट्रेन अलीगढ़ तक पहुंची लेकिन किसी को रेलवे ट्रैक पर गिरता डीजल नजर नहीं आया। रेलवे कर्मियों की यह बड़ी लापरवाही 2000 यात्रियों को बड़े खतरे में डाल सकती थी। एक जरा सी चिंगारी भी इस एक्सप्रेस ट्रेन को आग का गोला बना देती। अलीगढ़ की आरपीएफ टीम ने जब अपने परिक्षेत्र में जांच की तो सोमना रेलवे स्टेशन तक ट्रैक पर डीजल बिखरा नजर आया है। जबकि ड्रिल मशीन डीजल टैंक में गाजियाबाद क्षेत्र में फंसी थी। गाजियाबाद से अलीगढ़ तक ट्रेन अपनी 130 किमी प्रति किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ती रही। किसी ने रिस रहे डीजल की ओर ध्यान नहीं दिया।

### रेलवे अफसरों में मची खलबली

जब अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर टैंक से बड़ी मात्रा में डीजल के रिसने की स्थानीय रेलवे अफसरों को जानकारी मिली तो सूचना पर स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार उपाध्याय, डिप्टी एसएस राजाबाबू, आईपी सिंह, टीआई मोहम्मद इश्तियाक, रेलवे के टीएक्सआर और जेनरेटर विभाग के अलावा आरपीएफ से जुड़े तमाम अफसर पहुंच गए। उन्होंने जांच पड़ताल की तो टैंक में ड्रिल मशीन फंसी मिली। पहले टंकी से रिस रहे डीजल को रोकने के लिए लकड़ी व कपड़ा लगाकर वैकल्पिक प्रयास किया गया। फिर भी जब डीजल का रिसना बंद नहीं हुआ तो टंकी से पाइप के जरिए ड्रम में डीजल तेल को बाहर निकलवाया गया। तब कहीं जाकर ट्रेन को गंतव्य को रवाना किया गया। इस पूरे घटनाक्रम का ज्वाइंट नोट तैयार किया गया है। जिसे अफसरों को भेजा गया है।

### टैंक में घुसी थी ड्रिल मशीन

आरपीएफ पोस्ट कमांडर अमित कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ी के लोको पायलट केपन शुक्ला ने बताया कि गाड़ी नई दिल्ली से शुरू हो रही थी। उन्हें पता नहीं चला कि इंजन से कुछ टकराने जैसी आवाज आई। बाद में पता चला कि गाजियाबाद स्टेशन के पास 200 मीटर पूर्वी यार्ड में रेलवे फाउंडेशन तोड़ने का काम चल रहा है। मजदूर खाना खाने के लिए गए थे और मशीन को वहीं रेलवे ट्रैक पर छोड़ गए। जब वापस आए तो मशीन नहीं मिली। चोला स्टेशन व दादरी स्टेशन पर गेटों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन पर पाया गया है कि मशीन डीजल टैंक में घुसी हुई आ रही है।

---

हिसार में 39 बांग्लादेशी पकड़े

## गैरकानूनी ढंग से बॉर्डर क्रॉस किया, हिसार में ही बस गए

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बीच हरियाणा में पुलिस ने 39 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े हैं। ये सभी गैरकानूनी तरीके से हिसार के हांसी में रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक ये तोशाम रोड पर ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। जांच में इनके पास से किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से आए थे। हालांकि इन्होंने यह नहीं बताया कि किसने इन्हें बॉर्डर क्रॉस कराया। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। तब तक इन्हें दिल्ली स्थित बांग्लादेशी कैंप में डाला जाएगा।



### कोर्ट ने की याचिका खारिज कहा-सच का पता लगाएंगे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव की वह याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें सांप के कथित रूप से दुरुपयोग को लेकर उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे और आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी। आरोप पत्र में एल्विश यादव के खिलाफ रेव पार्टियां आयोजित कर विदेशियों को सांप के जहर का नशा करने के लिए आमंत्रित करने का भी आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने मौखिक रूप से कहा कि आरोप पत्र और प्राथमिकी में यादव के खिलाफ बयान हैं और इन आरोपों की सच्चाई का मुकदमे के दौरान पता लगाया जाएगा। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी।

## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ऐसे करेगी पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव की याद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


आखिरकार कांग्रेस पार्टी को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की सुध आई। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री ने दिल्ली स्थित नव निर्मित तेलंगाना भवन परिसर में पीवी नरसिंह राव की प्रतिमा लगाये जाने का निर्णय किया है। राज्य सरकार की कोशिश है कि आगामी 28 जून को उनके जन्मदिवस के दिन कांस्य की विशाल प्रतिमा अशोक रोड में निर्माणाधीन भवन परिसर में लगाने की अनुमति केंद्र सरकार से मिल जाए। यह प्रस्ताव नरसिंह राव के योगदान को सम्मानित करने और उनकी स्मृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से है।

एक अधिकारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए तेलंगाना सरकार विशेष रूप से तेलंगाना और भारत के आर्थिक सुधारों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए, मूर्ति की स्थापना में लगी है। मूर्ति स्थापना का प्रस्ताव दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन को भेजा गया था। दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन ने इस मूर्ति के लिए अपनी मंजूरी दे दी है, जो इस परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए केंद्र सरकार की हरी झंडी का इंतजार है। मूर्ति कहां (भवन के अंदर या बाहर) और कब स्थापित होगी, यह केंद्र सरकार की मंजूरी और राजनीतिक निर्णयों पर निर्भर करता है। तेलंगाना राज्य के गठन (2014) के बाद, तेलंगाना भवन पहले आंध्र भवन के साथ साझा किया जाता था। अब, रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार दिल्ली के अशोक रोड पर एक नए तेलंगाना भवन का निर्माण करा रही है। यह भवन अभी निर्माणाधीन है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेसी राजनीति की परंपरा में उस समय केवल पीवी नरसिंहराव ही ऐसे नेता थे जो गैर गांधी होते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाली मिलीजुली सरकार के प्रधानमंत्री बने थे। पीवी नरसिंह राव (28 जून 1921 - 23 दिसंबर 2004) भारत के 9वें प्रधानमंत्री (1991-1996) थे। उनके कार्यकाल में भारत में आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत हुई, जिसने देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर किया। नरसिंह राव का जन्म तेलंगाना के करीमनगर जिले में हुआ था। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री (1971-73) के रूप में भी कार्य किया और तेलंगाना क्षेत्र में भूमि सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। वर्ष 2024 में, नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जिसने उनकी विरासत को और मजबूत किया। तेलंगाना सरकार ने उनकी जन्मशती (2020-21) पर भी समारोह आयोजित किए थे। ये बात अलग है कि नरसिंह राव के दिवंगत हो जाने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में उनके पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए रखने तक नहीं दिया गया था। इसके पीछे गांधी परिवार की नाराजगी बताई जाती है। आज माहौल बदला है। कांग्रेस की सुबाई सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिंह राव की याद में दिल्ली के तेलंगाना भवन में मूर्ति स्थापना को मूर्त रूप देने जा रही है।

---

पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध मौत

## श्रीरंगपटना के पास कावेरी नदी में तैरता मिला शव



सीबीआई जांच की उठी मांग

### कर्नाटक पुलिस बोली- आत्महत्या का शक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक पुलिस ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की जांच शुरू कर दी है। वह शनिवार को श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए थे। 70 वर्षीय अय्यप्पन कृषि और मत्स्य पालन वैज्ञानिक थे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का नेतृत्व करने वाले पहले गैर-फसल वैज्ञानिक थे। पुलिस ने बताया कि पुलिस को नदी में तैरते हुए एक शव के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद उनका शव बरामद किया गया। उनका दोपहिया वाहन नदी किनारे पाया गया और संदेह है कि अय्यप्पन ने नदी में छलांग लगाई होगी। पुलिस का कहना है जांच के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि की जा सकती है।

**अय्यप्पन को 2022 में पद्मश्री दिया गया**

भारत की 'नीली क्रांति' में अहम भूमिका निभाने वाले अय्यप्पन को 2022 में पद्मश्री दिया गया था। इसी बीच, आईसीएआर 'पूर्व सदस्य वेणुगोपाल बदरवाड़ा ने पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुब्बन्ना अय्यप्पन की 'असामयिक और रहस्यमयी' मौत की कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि यह घटना आईसीएआर में कथित भ्रष्टाचार को उजागर करती है।

कहा, मानसून से पहले सभी लघु अवधि परियोजनाएं पूर्ण करें विभाग

## यमुना नदी में किसी भी प्रकार का गंदे पानी का नाला न गिराया जाएः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्यभर में चल रही अल्पकालिक परियोजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यमुना नदी में किसी भी प्रकार का गंदे पानी का नाला न गिराया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को चंडीगढ़ में कहा कि जहां-जहां इंडस्ट्रियल वेस्ट नदी में प्रवाहित हो रहा है, वहां तुरंत सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंचाई एवं जल संसाधन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों के साथ की बैठक**



### मानसून से पहले कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करें

नायब ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों आदि में जलकुंभी उगते हैं, उनकी तुरंत सफाई करवाई जाए, ताकि जल प्रवाह में कोई बाधा उत्पन्न न हो। सभी बांधों की पूर्व जांच की जाए और यदि कहीं भी कोई कमी या क्षति पाई जाती है तो उसे समय रहते ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी अल्पावधि कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए और सिंचाई एवं जल संसाधन व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संबंधित उपायुक्त को भी दी जाए। राज्य में खालों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेशभर में 20 वर्ष से पुराने खालों की सूची तैयार की जाए।

### वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चरों की सफाई के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री ने मानसून से पहले सभी वाटर हार्वेस्टिंग और वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चरों की सफाई और सुदृढ़ीकरण के निर्देश भी दिए, ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन और भूजल स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास सफल हो सकें। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में 282 करोड़ रुपए की लागत की 209 अल्पावधि परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। इनमें से 103 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और शेष परियोजनाएं अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि 30 जून तक सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## बजाज इलेक्ट्रिकल्स का लाभ हुआ दोगुना

**नई दिल्ली।** बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 59.05 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 29.31 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1,265.47 करोड़ रुपये हो गई।

## बिड़ला कॉरपोरेशन का लाभ 32.7 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता।** एमपी बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 32.7 प्रतिशत बढ़कर 256.60 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 193.34 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय 6.8 प्रतिशत बढ़कर 2,863.14 करोड़ रुपये हो गई।

## एफटीए के तहत ब्रिटेन की वाइन पर शुल्क कटौती नहीं



**नई दिल्ली।** भारत ने एफटीए के तहत ब्रिटेन की वाइन पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है, जबकि बीयर पर सीमित आयात शुल्क लाभ दिया जा रहा है। दोनों देशों ने छह मई को एफटीए के तहत बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसके अलावा भारत जिन संवेदनशील कृषि उत्पादों पर कोई आयात शुल्क कटौती नहीं करेगा। उनमें डेयरी उत्पाद, सेब, पनीर, जई, पशु और वनस्पति तेल शामिल हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोने में 3,400 रुपए की बड़ी गिरावट, अमेरिका-चीन समझौते से मांग घटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर शुल्क वृद्धि को 90 दिन तक रोकने की घोषणा के बाद कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश विकल्प यानी सोने से हटकर खरीदारी की, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपये की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

■ कारोबारियों ने सुरक्षित निवेश सोने से हटकर खरीदारी की

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपये गिरकर 96,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपये की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपये और 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**सोने की कीमत घटकर 96,550 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई**

### भारत-पाक तनाव में भी कमी आई

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, "अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत और भारत-पाकिस्तान सहित भू-राजनीतिक तनाव में कुछ राहत के बीच सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई है। साथ ही, चांदी की कीमतें शनिवार के बंद भाव 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम से 200 रुपये टूटकर 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।



### डॉलर इंडेक्स में 1.42 फीसदी की वृद्धि

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती मापने वाला, डॉलर इंडेक्स 1.42 प्रतिशत बढ़कर एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच संभावित संघर्ष विराम के संकेतों और भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर सहमति बनने से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ है।

### 145 फीसदी शुल्क घटाने पर सहमति

सप्ताहांत में जिनेवा में व्यापार वार्ता के बाद, अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर अपनी 145 प्रतिशत शुल्क दर को घटाकर 30 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की, जबकि चीन ने 90 दिन की अवधि के लिए अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की।

*सोने में भारी मुनाफावसूली हुई : त्रिवेदी ने कहा कि इन घटनाक्रमों से सोने में भारी मुनाफावसूली हुई, जो पहले वैश्विक अनिश्चितता के कारण चढ़ गया था। शेयर बाजारों में मजबूत तेजी ने भी सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की अपील को प्रभावित किया।*

## अमेरिका और चीन ने एकदूसरे पर भारी शुल्क लगाया

# अमेरिका, चीन में अधिकतर शुल्क पर 90 दिन की रोक लगाने पर सहमति

एजेंसी ▶▶ जेनेवा

*अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी। इससे शेयर बाजारों में उछाल आया है क्योंकि विश्व की दो प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे हटा लिया जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो गई थी।*

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत शुल्क दर का 115 प्रतिशत घटाकर 30 प्रतिशत करने पर, जबकि चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर अपनी दर को भी इतना की कम कर 10 प्रतिशत करने पर सहमति व्यक्त की है। ग्रीक और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में शुल्क कटौती की घोषणा की।

■ शुल्क मेंअब घटकर 30 प्रतिशत करने पर विचार

■ दोनों प्रमुख आर्थिक शक्तियों ने टकराव से एक कदम पीछे लिया



### व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने रूपरेखा तैयार

इसके अलावा दोनों पक्षों ने अपने व्यापार मुद्दों पर चर्चा जारी रखने की रूपरेखा तैयार की है। दो दिन की वार्ता के बाद बेसेंट ने कहा कि उच्च शुल्क स्तर से दोनों पक्षों के सामान पर पूरी तरह रोक लग गई ऐसा परिणाम कोई भी पक्ष नहीं चाहता। बेसेंट ने कहा, इस सप्ताहांत दोनों प्रतिनिधिमंडलों की आम सहमति यह है कि कोई भी पक्ष अलगाव नहीं चाहता है।

### जटिल शुल्क पर प्रभाव अब भी अस्पष्ट

अमेरिका और चीन की ओर से लागू किए गए जटिल शुल्क पर इसका पूरा प्रभाव अब भी अस्पष्ट है। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि वे 90 दिन के इस निलंबन के दौरान लंबे समय से जारी रहे मतभेदों को पाटने के तरीके खोज पाएंगे या नहीं।

### अमेरिका एकतरफा शुल्क वृद्धि की प्रथा को रोकेगा

मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, "यह पहल दोनों देशों के उत्पादकों व उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप है और दोनों देशों के हितों के साथ-साथ विश्व के साझा हितों को भी पूरा करती है।' इसमें कहा गया चीन को उम्मीद है कि अमेरिका "एकतरफा शुल्क वृद्धि की गलत प्रथा" को रोकेगा और चीन के साथ अपने आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों के विकास की रक्षा के लिए काम करेगा, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अधिक निश्चितता तथा स्थिरता आएगी।

### शुल्क केवल 90 दिन के लिए निलंबित किया गया

जेन्स ने बयान में कहा कि शुल्क को केवल 90 दिन के लिए निलंबित किया गया है और आगे क्या होगा इसको लेकर काफी अनिश्चितता है। एस्केलंड ने कहा, "व्यवसायों को सामान्य परिचालन बनाए रखने एवं निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए पूर्वानुमान की आवश्यकता होती है। इसलिए चैंबर को उम्मीद है कि दोनों पक्ष मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे और ऐसे कदम उठाने से बचेंगे जो वैश्विक व्यापार को बाधित करेंगे...।"

### अमेरिका ने शुल्क बढ़ाकर 145 फीसदी कर दिया था

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने चीन पर अमेरिकी शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया था और चीन ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत का शुल्क लगाया था। इतने अधिक शुल्क का मतलब है कि दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं जिससे व्यापार बाधित हो रहा है, जो पिछले वर्ष 660 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था। अमेरिका और चीन की घोषणा से शेयर बाजारों में उछाल आया।

# बांड म्यूचुअल फंड में 2.19 लाख करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





बॉन्ड या ऋण साधनों पर केंद्रित (डेट) म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश अप्रैल में सुधरकर 2.19 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि इसके पहले दो महीनों में निकासी हावी रही थी। उद्योग निकाय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि निवेश आने से अप्रैल में ऋण या बॉन्ड में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां बढ़कर 17.57 लाख करोड़ रुपये हो गईं जबकि मार्च में यह 17.02 लाख करोड़ रुपये थीं।

इसके साथ ही अप्रैल में निवेशक आधार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस दौरान निवेशकों की संख्या 1.44 लाख बढ़कर अप्रैल में 79.36 लाख हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उछाल व्यापक आधार पर रहा। इस दौरान 16 में से 12 डेट म्यूचुअल फंड श्रेणियों में शुद्ध निवेश हुआ। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में वरिष्ठ विश्लेषक एवं शोध प्रबंधक नेहल मेश्राम ने कहा कि अप्रैल में यह बदलाव मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी के बाद हुआ है।

■ पहले दो महीने में निकासी हावी रही

■ निवेशकों की संख्या में भी हुआ इजाफा

मार्च में प्रवाह घटने का कारण वित्त वर्ष के अंत में निवेशकों द्वारा अग्रिम कर भुगतान के लिए निकाली गई नकदी थी।

### फरवरी में निकासी देखी गई

फरवरी में भी बॉन्ड-केंद्रित म्यूचुअल फंड योजनाओं से 6,525 करोड़ रुपये की निकासी देखी गई थी। हालांकि, जनवरी में इस श्रेणी में 1.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था। अप्रैल के दौरान 16 श्रेणियों में से लिक्विड फंड में सबसे अधिक 1.18 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ, जबकि मार्च में 89 प्रतिशत से अधिक निकासी हुई थी।

## सिद्धार्थ सावनसुखा ने सावनसुख रायपुर शोरूम में विशेष "ज्वेलरी एंड बियॉन्ड" कार्यशाला का आयोजन किया

**रायपुर।** प्रसिद्ध डिजाइनर, उद्यमी और 250 साल पुरानी विरासत ब्रांड सावनसुख ज्वैलर्स के पीछे दूरदर्शी सिद्धार्थ सावनसुख ने सावनसुख रायपुर स्टोर में एक अनूठी और अंतरंग 'ज्वेलरी एंड बियॉन्ड' कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यक्रम में आभूषणों के शौकीनों, संग्रहकर्ताओं और समझदार ग्राहकों का एक समूह एक साथ आया, जिसने एक व्यावहारिक और आकर्षक अनुभव प्रदान किया, जो सौंदर्यशास्त्र से कहीं आगे था। खरीदारों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ, सिद्धार्थ ने कार्यशाला को आभूषण खरीदने की दुनिया को रहस्यपूर्ण बनाने के लिए डिजाइन किया - मेहमानों को सही जौहरी का चयन करने और सूचित खरीद निर्णय लेने के बारे में एक सरल लेकिन गहन समझ प्रदान की। शिल्प कौशल और हॉलमार्किंग से लेकर नैतिक सोर्सिंग और डिजाइन संवेदनशीलता तक, सत्र ने परंपरा और आधुनिक अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाट दिया। सिद्धार्थ सावनसुख ने कहा, 'हमारा लक्ष्य आभूषण खरीदने की यात्रा को पारदर्शी, शैक्षिक और भावनात्मक रूप से संतुष्टिदायक बनाना था।' आभूषण केवल एक श्रंगार नहीं है - यह एक निवेश, एक स्मृति और एक कहानी है। हम लोगों को यह बताना चाहते थे कि वे ऐसे आभूषण कैसे चुनें जो उनकी पहचान को दर्शाते हों, साथ ही उनके मूल्य और प्रामाणिकता के बारे में भी आश्वस्त हों। सावनसुख 14 वर्षों से लोगों को आभूषणों के बारे में शिक्षित कर रहा है और मैंने अपनी खूबसूरत पत्नी निकी सावनसुख के साथ सावनसुख भारतीय आभूषण संस्थान (एसआईआईजे) की सह-स्थापना की है।

## इस साल अप्रैल तक 4.24 लाख टन चीनी का निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अप्रैल माह तक 4.24 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें से 92,758 टन की अधिकतम खेप सोमालिया को भेजी गई है। व्यापार निकाय एआईएसटीए ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारत में विपणन वर्ष 2024-25 के लिए चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी, 2025 को दी गई थी। निर्यात के लिए अनुमति कुल मात्रा 10 लाख टन है। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) के अनुसार, मिलों ने चालू विपणन वर्ष में 30 अप्रैल तक कुल 4,24,089 टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें से इस साल अप्रैल तक सफेद चीनी का निर्यात 3.27 लाख टन, परिष्कृत चीनी का 77,603 टन और कच्ची चीनी का 18,514 टन रहा है। इसमें कहा गया है कि करीब 25,000 टन चीनी की लोडिंग चल रही है।

## तनाव थमने से शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग, सेंसेक्स 2,975 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए बनी सहमति का स्थानीय शेयर बाजार ने सोमवार को शानदार स्वागत किया और मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने करीब चार प्रतिशत की छलांग के साथ एक कारोबारी सत्र की सबसे ऊंची बढ़त दर्ज की। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 2,975.43 अंक की जबर्दस्त तेजी देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक की बड़ी छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ जारी तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति बनने से निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा बनी। इसके अलावा अमेरिका और चीन के बीच सीमा शुल्क संबंधी समझौते की घोषणा से भी निवेशक उत्साहित हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,975.43 अंक यानी 3.74 प्रतिशत बढ़कर सात महीने से अधिक के उच्चस्तर 82,429.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,041.5 अंक बढ़कर 82,495.97 अंक पर पहुंच गया था।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## गार्डन वरली कला मंदिर में गौहर जान की विरासत का जश्न मनाने के लिए 'माई नेम इज जान' के साथ सहयोग करेगा

**कोलकाता।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित कपड़ा ब्रांडों में से एक, गार्डन वरली ने प्रशंसित नाट्य प्रस्तुति 'माई नेम इज जान' के साथ अपने सहयोग की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया है - जो कि महान गौहर जान को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। यह नाटक कोलकाता के कला मंदिर में मंचित किया गया। चार दशकों से अधिक की समृद्ध विरासत के साथ, गार्डन वरली ने नवाचार, कलात्मकता और परंपरा को मिलाकर लगातार भारतीय वस्त्रों में मानक स्थापित किए हैं। अपनी बेहतरीन साड़ियों और ड्रेस मटीरियल के लिए प्रसिद्ध, यह ब्रांड अब एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड और द चटर्जी ग्रुप के गतिशील नेतृत्व में अपने प्रदर्शनों की सूची का विस्तार कर रहा है। आज, गार्डन वरली आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए प्रीमियम फ़ैब्रिक और रेडी-टू-वियर कपड़ों की एक आगामी लाइन भी पेश करता है। इस अवसर पर, एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, देबी प्रसाद पात्रा ने कहा, 'एमसीपीआई और चटर्जी समूह के मार्गदर्शन में, हम एक प्रिय भारतीय ब्रांड में नई ऊर्जा और वैश्विक दृष्टिकोण ला रहे हैं। गार्डन वरली की कहानी में कोलकाता का हमेशा से एक विशेष स्थान रहा है, और हम एक बार फिर इस जीवंत शहर में अपनी कालातीत कृतियों को पेश करने के लिए उत्साहित हैं। हर उत्पाद को परंपरा और आधुनिकता के समन्वय के साथ तैयार किया गया है, जिससे गार्डन वरली हर अलमारी का एक प्रिय हिस्सा बन गया है।' "माई नेम इज जान" के साथ यह जुड़ाव गार्डन वरली की कला का जश्न मनाने और भारत की सांस्कृतिक कहानी को आकार देने वाली उल्लेखनीय महिलाओं की विरासत का सम्मान करने की स्थायी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एलन कोटा में नीट-यूजी रिपीटर्स बैच 14 मई से

**कोटा।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2025 के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में नीट-यूजी 2026 की रिपीटर्स के लिए नए बैच की तिथियों की घोषणा कर दी है। इन बैच में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक एलन फीस में स्कॉलरशिप दी जाएगी। 12वीं पास रिपीटर्स के लिए बैच 14 मई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। इसके बाद आगामी तिथियों में हर सप्ताह रिपीटर्स के लिए बैच शुरू होंगे। इसके साथ ही 12 से 17 मई तक एलन कोटा में एडमिशन के लिए एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) महाअवसर भी आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत रोजाना एसेट परीक्षा होगी।

### फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप

एलन कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि कक्षा 10वीं से 11वीं में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए नीट के नर्चर बैच 15 व 29 मई को शुरू हो रहे हैं। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नीट-2026 की तैयारी के लिए एंथ्यूज बैच 15 मई से शुरू हो रहा है। जेईई-मेन एडवांस्ड की तैयारी के लिए 11वीं के विद्यार्थियों के लिए नर्चर बैच 21 मई से, 12वीं पास के लिए लीडर बैच 25 मई व 13 जून से शुरू हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नीट-यूजी 2025 के परीक्षार्थियों ने विभिन्न कोचिंग एक्सपर्ट्स एवं संभावित आंसर-की के अनुसार अपने अंकों का आंकलन कर लिया है। ऐसे में यह भी लगभग तय हो गया है कि उन्हें अगले वर्ष नीट-2026 में शामिल होना है। इन स्टूडेंट्स को नीट रिजल्ट्स के बाद आल इंडिया रैंक के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाएगी जोकि 90 प्रतिशत तक है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गिरीश दत्त गजा पुत्र भगवान दास गजा निवासी ई–40, मुबारकपुर डबास, दिल्ली और: 781, एलएंडटी फ्लैट्स, सेक्टर–18बी, द्वारका, दिल्ली एवं: एजी–442, शालीमार बाग, दिल्ली** ने case **FIR No. 754/2014 U/s 420/467/471/120B/174A, थाना नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **गिरीश दत्त गजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गिरीश दत्त गजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 754/2014 U/s 420/467/471/120B/174A, थाना नोर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गिरीश दत्त गजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (उत्तर पश्चिम)**
**कमरा नं. 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/5823/RD/2025(Court Matter)

## शब्द पहेली - 5865




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो–6
5.अनुक्षेपक,अंश –4
8.साथ–2
9.छोटी तलवार–3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार –2
11.दुश्मनी–4
12.इस जगह–2
14.अनवरत–4
16.लाचार,बेबस–3
18.धुलाई करना–4
20.न्यूनता,निम्नता–5
23.समुद्री यात्री–5
26.पूंजी,संपत्ति–4
27.असंयमी,स्वच्छंद–3
29.वन में रहनेवाला–4
30.उम्मीद,आशा–2
32.सौंठ,एक कंद–4
33.जोर,बल–2
35.बसंतकाल–3
36.जोश,उग्रता–2
37.पाताल–4
38.सभ्य,होनहार–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो–6
2.सांप,सर्प–2
3.दानेदार–4
4.जिगर,कलेजा–3
5.प्रेम,प्यार–3
6.पंख,पराया–2
7.मरियल, निर्बल–4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू–4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना–2
15.सुस्त,उनींदा–4
17.पदक–3
18.विश्वासघात–4
19.बहुमूल्य पत्थर–2
21.रानी,शहजादी–3
22.फलों का जूस–2
24.कुतरने वाला–4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी–2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित–4
28.पिता की बहन–2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत–4
31.बलवान–3
32.प्रार्थना–3
34.तिल,मस्सा–2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड–2

**शब्द पहेली- 5864 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# विराट पारी... गोल मटोल 'चीकू', 'भैया', 'रन मशीन' और 'किंग कोहली' के 14 साल का टेस्ट सफर खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के लड़के का 'स्वैग' लेकर भारतीय ड्रेसिंग रूम में दाखिल हुए विराट कोहली क्रिकेट को लेकर अपने असीम जुनून के चलते मौजूदा दौर के महानायक बनकर उभरे और ऐसे समय में पारंपरिक क्रिकेट से विदा ली जब उनके और खेलते रहने की उम्मीद की जा रही थी। विराट ने स्वीकार किया कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला आसान नहीं था लेकिन सही था। सवाल यह उठता है कि यह विचार उनके जेहन में पहली बार कब कौंधा ? शायद आस्ट्रेलिया के खराब दौरे के बाद जहां उन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में शतक के बाद सिर्फ 91 रन बनाए। स्विंग और उछाल को झेलने में उन्हें इतनी परेशानी हुई कि उनकी वापसी संभव नहीं लग रही थी। इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट को इंग्लैंड दौरे पर उनकी जरूरत थी। शरीर से ज्यादा दिमाग की। लेकिन शायद वह पांच टेस्ट मैचों की एक और श्रृंखला खेलने के लिए तैयार नहीं थे। अपने सीनियर खिलाड़ियों के लिए गोल मटोल 'चीकू' से जूनियर खिलाड़ियों के 'भैया' तक 'किंग कोहली' ने लंबा सफर तय किया है और अपने कॅरियर में काफी उतार चढ़ाव भी देखे।

### पिता की निधन की खबर सुनकर भी खेले

2006 में अठारह बरस के कोहली ने अपने पिता प्रेम कोहली के निधन की खबर सुनकर भी 90 रन बनाकर दिल्ली को फॉलोआन से बचाया और फिरोज शाह कोटला स्टेडियम से सीधे श्मशान घाट जाकर उनकी अंतिम संस्कार किया। इसके बाद 2025 में 36 साल के सुपरस्टार विराट कोहली को रेलवे के मध्यम तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने करीब 20000 दर्शकों के सामने रणजी ट्रॉफी मैच में आउट किया। वह आखिरी बार था जब कोहली सफेद जर्सी में चमचमाती एसजी गेंद को खेलते दिखे। बीच के 18 साल में उन्होंने 30 टेस्ट शतक लगाए।

### 10 हजार टेस्ट रन से चूके

इंडियन प्रीमियर लीग की जगमगाहट के बीच लोग कोहली को टेस्ट बल्लेबाजी करते देखना चाहते रहे हैं। कोहली को 10000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 770 रन और चाहिए थे। उनके समकालीन इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट में 13000 रन पूरे करने से कुछ रन पीछे हैं जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 10000 रन पूरे कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन इससे 724 रन दूर हैं।



### टी20, वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन

कोहली भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके नाम कई रिकॉर्ड है। कोहली भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने टी20 विश्व, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसी आईसीसी के तीन खिताब जीते हैं। कोहली 2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा थे जिसने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद 2013 और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम का भी हिस्सा रहे। इसके अलावा 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का भी कोहली हिस्सा थे। कोहली के लिस्ट में सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब नहीं जुड़ सका, जबकि दो बार टीम फाइनल में पहुंची थी।

### अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे।



## रोहित-कोहली के टेस्ट संन्यास ने दिखाया चयन समिति का दमखम और दूरदर्शिता

**नई दिल्ली।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का चयन करना आसान काम नहीं और पिछले कुछ अर्से में कठिन फैसले नहीं लेने के कारण चयन समितियों को 'रीढ़हीन' तक करार दिया गया। एक सप्ताह के भीतर ही हालांकि अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास में अहम भूमिका निभाकर इस धारणा को बदल दिया। निश्चित तौर पर मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी इसकी जानकारी रही होगी। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र से पहले चयनकर्ताओं ने रोहित को अपने फैसले से अवगत करा दिया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के कोहली के अनुरोध को भी मान लिया।

## 9 क्रिकेटर्स ने साल 2025 में क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली









भारतीय टीम की 'रन मशीन' विराट कोहली ने सोमवार को 14 साल के अपने टेस्ट करियर पर विराम लगा दिया। 'किंग कोहली' ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। विराट कोहली के साथ ही भारतीय टेस्ट टीम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले साल दिसंबर में रविचंद्रन अश्विन और पिछले सप्ताह रोहित शर्मा ने संन्यास की घोषणा की थी। चलिए आपको ऐसे क्रिकेटर्स के नाम बताते हैं, जिन्होंने साल 2025 में किसी प्रारूप या फिर सभी फॉर्मेट्स से संन्यास लिया।

### संन्यास लेने वाले क्रिकेटर्स

| खिलाड़ी | देश | प्रारूप |
|---|---|---|
| मार्टिन गप्टिल | न्यूजीलैंड | सभी |
| तमीम इकबाल | बांग्लादेश | सभी |
| मार्कस स्टोइनिस | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| दिमुथ करुणारत्ने | श्रीलंका | सभी |
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | वनडे |
| मुशफिकुर रहीम | बांग्लादेश | वनडे |
| महमूदुल्लाह | बांग्लादेश | सभी |
| रोहित शर्मा | भारत | टेस्ट |
| विराट कोहली | भारत | टेस्ट |

### क्रिकेट जगत ने दी विराट को बधाई

'टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।'
- बीसीसीआई

'भारत के महान टेस्ट क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ली। सफेद जर्सी नहीं पहनेंगे लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली।'
-आईसीसी



'शानदार टेस्ट कॅरियर के लिए बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाए रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद।'
- जय शाह

'शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी।'
- गौतम गंभीर



'टेस्ट क्रिकेट ने तुम्हारे भीतर के योद्धा को तलाशा और तुमने इसके लिए सब कुछ दे दिया। तुमने महान खिलाड़ियों की तरह खेला, सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफेद जर्सी में तुम्हारे योगदान पर गर्व है।'
- युवराज सिंह



'मेरी बिस्कोटी (एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) को शानदार टेस्ट कॅरियर पर बधाई। आपकी प्रतिबद्धता और कौशल ने हमेशा मुझे प्रेरित किया। सही मायने में लीजेंड।'
- एबी डिविलियर्स



'विराट, हम उस दौर के साझेदार रहे हैं, साथ खेलें और गर्व से टेस्ट क्रिकेट के लंबे दिनों को जिया। सफेद जर्सी में तुम्हारी बल्लेबाजी खास रही, सिर्फ आंकड़ों के ही नहीं बल्कि इरादों, जुनून और प्रेरणा के मामले में भी।'
- हरभजन सिंह

'उनकी चाल, उनके शॉट, उनके हाव भाव, उनका जश्न मनाने का अंदाज। सभी की कमी खलेगी। एक बेहतरीन टेस्ट दौर का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। गर्व के साथ। इस साहस, आक्रामकता और बेमिसाल जुनून के लिए शुक्रिया विराट। आपने टेस्ट क्रिकेट खेला ही नहीं, इसे बेहतर किया।'
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु



'आपके साथ खेलने का सफर खास रहा। इतनी सारी शानदार यादें और साझेदारियां। शानदार टेस्ट कॅरियर पर बधाई।'
- अजिंक्य रहाणे



'सफेद जर्सी में विराट कोहली की बात ही अलग थी। सिर्फ कौशल की बात नहीं थी बल्कि तेवर की भी। वह सिर्फ टिके रहना नहीं चाहता था बल्कि अपना दबदबा बनाना चाहता था, जीतना चाहता था। इस प्रक्रिया में उसने हमें 14 साल की अविस्मरणीय यादें दी। आगे के लिए शुभकामना।'
- झूलन गोस्वामी



'बेहतरीन टेस्ट कॅरियर पर बधाई विराट कोहली। कप्तान के तौर पर आपने मैच ही नहीं जीते, मानसिकता भी बदली। आपने फिटनेस, आक्रामकता और टेस्ट खेलने के गर्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।'
-इरफान पठान

## खबर संक्षेप



### ईशप्रीत ने आडवाणी को हराकर जीता खिताब

**मुंबई।** ईशप्रीत चड्ढा ने नौ घंटे तक चले मैराथन फाइनल में अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 10-7 से हराकर एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। चड्ढा ने 'बेस्ट-ऑफ-19' फ्रेम के फाइनल में 62-45, 4-77, 59-35, 7-65, 68-12, 57-66, 19-60, 90 (90)-0, 33-70, 0-97 (97), 99 (94)-16, 75 (67)-35, 75-27, 68-31, 83 (68)-10, 6-122 (122), 73-72 से जीत हासिल की।

### आईपीएल 17 मई से फिर शुरू होगा, तीन जून को फाइनल: बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मौजूदा सत्र 17 मई से छह स्थानों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को होगा। आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल को रोक दिया गया था जब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी जिससे स्टेडियम में ब्लैकआउट हो गया था। बोर्ड ने एक बयान में कहा, ''बीसीसीआई को टाटा आईपीएल 2025 फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बोर्ड ने बचे सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है।'' लीग के फिर से शुरू होने पर पहला मैच 17 मई को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए छह स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई होंगे।

### आईएलसी में रैना, दिलशान और धवन बिखेरेंगे जलवा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना, शिखर धवन और श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान सहित कई बड़े खिलाड़ी इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट 27 मई से ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा। इसका फाइनल मैच 5 जून को होगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी शामिल हैं।



# रोहित-कोहली की जगह लेने को तैयार युवा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कोहली ने रन और शतकों की झड़ी लगा दी और भारत को टेस्ट क्रिकेट में कुछ बेहतरीन ऊंचाइयों और यादगार जीत तक पहुंचाया। उनका यह प्रदर्शन युवा बल्लेबाजों के लिए 'ब्लूप्रिंट' है जिन्हें कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट की कमान संभालने का काम सौंपा गया है। इनमें से कुछ पर चर्चा की गई है।

### शुभमन गिल

अगली पीढ़ी के स्टार में शुभमन गिल सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जो आने वाले दिनों में संभवतः भारत के मुख्य बल्लेबाज और टेस्ट कप्तान हो सकते हैं। पंजाब के इस खिलाड़ी ने 32 टेस्ट में 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं।

### यशस्वी जायसवाल

जायसवाल का इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना निश्चित है। वह वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत में यह काम पहले ही कर चुके हैं। लेकिन इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर यह काम कठिन होगा। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज में रन बनाते हुए अपनी तकनीक और संयम दिखाया।



### ध्रुव जुरेल

24 वर्षीय जुरेल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत के पीछे एक अच्छा बैक-अप विकल्प हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण श्रृंखला में उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वे प्रभाव नहीं छोड़ पाए। जुरेल में टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक खेलने के लिए हिम्मत और कौशल है।

### बी साई सुदर्शन

साई के इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम में जगह बनाने की पूरी संभावना है और उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी इंग्लैंड में काम आ सकती है जिससे वह जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी के मुकाबले शांत और संतुलित बल्लेबाज बन सकते हैं। 23 वर्षीय सुदर्शन दोनों तरफ खेलना पसंद करते हैं और यह एक ऐसी चीज है जो इंग्लैंड में सफल होने में अहम होती है।

### सरफराज खान

सत्ताईस वर्षीय सरफराज ने पिछले साल बेंगलुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रन की आक्रामक पारी खेलकर दिखा दिया कि वह किसी भी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद से सामान्य फॉर्म और पसलियों की चोट ने उन्हें रोक दिया। सरफराज के कौशल पर कोई संदेह नहीं है लेकिन मुंबई के इस खिलाड़ी को अपनी फिटनेस पर भी काम करने के लिए कहा जा सकता है।

## घुड़सवार अनुष का जर्मनी में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| बीलेफेल्ड

एशियाई खेलों के दोहरे पदक विजेता भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने यहां होल्टकैम्पर ड्रेसर्टेज ग्रां प्री में 69.44 प्रतिशत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया। यह उनके नए घोड़े एट्रो के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन था। यह उनकी साथ में दूसरी ही ग्रां प्री थी।

2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले अनुष ने कहा, 'मुझे हमारे प्रदर्शन पर गर्व है। एट्रो और मैंने कम समय में एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा है। इसके पीछे कई महीनों की कड़ी मेहनत रही है। हालांकि अब भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यह सत्र की एक मजबूत शुरुआत है और मैं यहां से आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं।' यह जोड़ी अब इस सप्ताह के अंत में बेल्जियम के लियर में प्रतिस्पर्धा करेगी।

## भारत ने की 24 सदस्यीय हॉकी टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को महिला प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें मिडफील्डर सलीमा टेटे को कप्तान बनाया गया है। भारत 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बीचू देवी खारीबाम शामिल हैं। अनुभवी सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी। मिडफील्ड की जिम्मेदारी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान, नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे के कंधों पर होगी। दीपिका, नवनीत, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा फॉरवर्ड होंगी।

## 'गंभीर' दौर की शुरुआत, कोच बना सबसे ताकतवर शख्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रेग चैपल ने जब अपनी ताकत दिखानी चाही तो उन्हें पद छोड़ना पड़ा, अनिल कुंबले टीम के 'सुपरस्टार कल्चर' से परेशान होकर गए लेकिन लगता है कि गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट के वह बिरले मुख्य कोच हैं जिनके पास कप्तान से ज्यादा ताकत है। भारतीय क्रिकेट में ऐसे असंख्य उदाहरण हैं जब खिलाड़ियों की ताकत के सामने मजबूत कोचों को पीछे हटना पड़ा। बिशन सिंह बेदी, चैपल और कुंबले खुद चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं लेकिन उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें कप्तान के सहायक की भूमिका निभानी पड़ेगी। जॉन राइट, गैरी कर्स्टन और रवि शास्त्री को यह पता था और वे काफी सफल रहे। विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद टेस्ट टीम में अब बड़े सितारे नहीं बचे हैं जिससे गंभीर को क्रिकेट की बिसात पर अपने मोहरे खुलकर चलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के सूत्रों की मानें तो गंभीर पहले से तय करके आए थे कि टीम में 'स्टार कल्चर' खत्म करना है।



सूत्र ने कहा, 'गौतम गंभीर युग की शुरुआत अब हुई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र में भारत को नए चेहरे चाहिए। टीम प्रबंधन में सभी को पता था कि टेस्ट प्रारूप में सीनियर खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर गंभीर क्या सोचते हैं। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर भी उनसे इत्तेफाक रखते थे।' भारतीय क्रिकेट में कप्तान हमेशा से सबसे मजबूत शख्स रहा है । सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी, कोहली और रोहित सभी की टीम चयन में निर्णायक भूमिका रही है। लेकिन गंभीर के दौर में ऐसा नहीं है।

### आज से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य लय हासिल करने के लिए उत्सुक

# थाईलैंड ओपन में मजबूत प्रदर्शन करेंगे आयुष और उन्नति

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा अपने हाल के शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे जबकि लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान अपनी लय हासिल करने के लिए उत्सुक होंगे। आयुष (20 वर्ष) और उन्नति (17 वर्ष) पिछले हफ्ते ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। लेकिन उन्हें यहां मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर से गुजरना होगा।



आयुष अपने शुरुआती क्वालीफाइंग मैच में फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से भिड़ेंगे जबकि उन्नति का सामना महिला एकल क्वालीफायर में थाईलैंड की थामोनवान निथिटिकराई से होगा। वहीं सेन मुख्य ड्रॉ में आयरलैंड के नहत गुयेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला एकल में मालविका बंसोड़ मुख्य ड्रॉ में अपने शुरुआती मैच में तुर्की की नेस्लिहान यिगिट का सामना करेंगी। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को अपने पहले दौर में थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रतचानोक इंतानोन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। रक्षिता रामराज सिंगापुर की यो जिया मिन के खिलाफ अपने पहले मैच में उतरेंगी जबकि आकर्षि कश्यप का सामना जापान की काओरू सुगियामा से होगा। पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत (अभी 82वें स्थान पर) वापसी की राह जारी रखेंगे और क्वालीफायर में उनका सामना साथी भारतीय एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम से होगा। पुरुष एकल क्वालीफायर में सतीश करुणाकरण और थारुण मन्नेपल्ली भी मैदान में हैं।

### तृषा-गायत्री वापसी को तैयार

विश्व की 10वें नंबर की महिला युगल जोड़ी तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद चोटों के कारण सुदीरमन कप से बाहर रहने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली यह जोड़ी गायत्री की पीठ की चोट और ट्रीसा के कंधे की समस्या के कारण ब्रेक लेने के लिए मजबूर हुई। मुख्य ड्रॉ के शुरुआती दौर में उनका सामना मलेशियाई जोड़ी ओंग शिन यी और कारमेन टिंग से होगा। युगल में भारत का प्रतिनिधित्व पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की पुरुष जोड़ी और कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की महिला जोड़ी भी करेगी।

## भारत नहीं लौटने वाले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के साथ है सीए : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आईपीएल स्थगित होने के बाद वापिस लौटे आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिए भारत वापिस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

विभिन्न आईपीएल टीमों के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिए कहा गया है क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है। खबरों के मुताबिक, 'घबराए हुए आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापिस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं। रिकी पोंटिंग और ब्राड हाडिन समेत कोचिंग स्टाफ के सदस्य भारत में हैं जबकि खिलाड़ी लौट आए हैं।'



भारत की आकाश मिसाइल सिस्टम ने दिया साथ

# पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने के लिए सारा सिस्टम एक साथ एक्टिव कर दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी लगातार दूसरी प्रेस कांफ्रेंस में एयर मार्शल ए.के.भारती ने कहा, हमने सैन्य और नागरिकों जगहों के कार्रवाई में कम शामिल किया।

जबकि पाक सेना लगातार हमलावर थी। हवाई रक्षा प्रणाली की हमारे पास कई प्रकार मौजूद हैं। हम पर ड्रोन, यूएवी से एक साथ हमला हुआ। पाक के हमले में सारा सिस्टम एक-साथ एक्टिव हुआ। आधुनिक समय में युद्ध के लिहाज से यह अहम था। पुराने सिस्टम ने भी अपनी काबिलियत दिखाई। आकाश मिसाइल सिस्टम से हमलों का प्रतिउत्तर दिया गया।

**खास बातें**

- भारतीय सेना ने बिना एलओसी लांघे ही आतंकियों अड्डे ध्वस्त किए
- अभियान में नौसेना निगरानी और खतरों को पहचानने में जुटी थी
- पुराने सिस्टम ने भी अपनी काबिलियत दिखाई।



## एलओसी पार किए बिना फोड़ा पाप का घड़ा

सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने ऑपरेशन सिंदूर करने की सबसे अहम वजह बीते कुछ समय में आतंकी गतिविधियों में हो रहा बदलाव बना। जिसमें उन्होंने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया। 2024 में शिवखोड़ी मंदिर से लेकर इस साल पहलगाम हमले के साथ आतंकियों के पाप का घड़ा भर चुका था। सेनाओं ने सीमा पार किए बिना यानी एलओसी लांघे बिना आतंकी अड्डे तहस-नहस किए। लेकिन पाक से सीमा लांघी, संघर्षविराम से पहले और बाद में 9-10 मई की रात को भी हमला किया। जिसमें तीनों सेनाओं ने पूरे समन्वय के साथ करारा जवाब दिया। हमारे पीछे देश की 140 करोड़ जनता खड़ी थी। जिसके लिए हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अभियान में हमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक और उनकी पोस्ट पर डटे हुए प्रत्येक जवान ने सेनाओं का भरपूर साथ दिया। बीएसएफ डीजी हमारे मल्टी लेयर्ड सुरक्षा ग्रुप का हिस्सा थे। हम उनकी सराहना करते हैं। आपने सुना होगा जब हौसले बुलंद हों तो मंजिलें कदम चूमती हैं।

## क्रिकेट की कहावत संग पेश की मिसाल

लेफ्टिनेंट जनरल घई ने इंटरनेशनल बाउंड्री से रडार, एडी सिस्टम, विंटेज एडी सिस्टम और मॉर्डन एडी सिस्टम की लेयर का जिक्र किया और कहा, ये चित्र 1974 में ऑस्ट्रेलिया-इंडिया के बीच एशेज सीरीज से मेल खाता है। जिसमें ऑस्ट्रेलिया के दो तेज गेंदबाजों डेनिस लिली और जैफ थॉमसन ने इंग्लैंड को धूल चटाई थी। दोनों ने मिलकर 58 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की। आस्ट्रेलियंस ने उस समय एक कहावत निकाली थी एशेज टू एशेज एंड डस्ट टू डस्ट, इफ लिली डोंट गेट यू, थॉमो मस्ट'। भारतीय सेना, वायुसेना ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों की जो दुर्दशा की है। ये ठीक वैसी ही है जो उस क्रिकेट सीरीज में लिली और थॉमसन के चलते इंग्लैंड की हुई थी। आज क्रिकेट का जिक्र जरूरी है। क्योंकि विराट कोहली ने संन्यास लिया है। वे मेरे भी पसंदीदा क्रिकेटर हैं।

## नौसेना निगरानी, खतरों को पहचानने में जुटी

वाइस एडमिरल ए.एन.प्रमोद ने कहा, अभियान में नौसेना निगरानी और खतरों को पहचानने में जुटी थी। बल ने कई सेंसर और जानकारी साझा की। साथ ही उन खतरों को भांप लिया जिन्हें तुरंत नष्ट किया जाना था। हमारे पायलट दिन-रात चौबीसों घंटे ऑपरेट करने के लिए तैयार थे। बल के उन्नत रडार की मदद से विमानों, तेज गति की मिसाइल और ड्रोन की जरूरी सूचना को आगे बढ़ाया गया। नौसेना का विमानवाहक युद्धपोत मिग-29 लड़ाकू विमानों के साथ कार्रवाई के लिए मुस्तैद थे। दुश्मन के संदिग्ध जहाज को कई सौ किलोमीटर से पास आने का मौका नहीं दिया।

## प्रश्नों का इस तरह जवाब

**प्रेस कांफ्रेंस के अंत में पत्रकारों के कुछ सवालों के अधिकारियों ने जवाब दिए। जिनमें-**

**1 क्या भारत ने किराना हिल्स पर हमला किया?**
एयर मार्शल भारती-हमें ये बताने के लिए शुक्रिया की किराना हिल्स में पाक का कुछ परमाणु जखीरा है। जिससे हम अनभिज्ञ थे। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है। चाहे वहां कुछ भी हो, हमने पहले की ब्रीफिंग में भी ऐसा कुछ नहीं कहा है।

**2 पीसी की शुरुआत में दिनकर की कविता की पंक्तियों के पीछे क्या संदेश छिपा है, तुर्किये के ड्रोन गिराए गए?**
एयर मार्शल भारती-मेरी साथी ने बताया कि तुर्किये के ड्रोन थे, जो हमने मार गिराए। कांफ्रेंस की दिनकर की कविता के वीडियो से आगाज हुआ। यहां मैं रामचरितमानस की चौपाई बिनय ना मानत जलधि जड़, गए तीन दिन बीत बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय ना प्रीति के जरिए कहना चाहता हूं, समझदार के लिए इशारा ही काफी है। ड्रोन चाहे कहीं के भी हों, हम हर तकनीक से मुकाबले के लिए सक्षम और तैयार हैं।

**3 क्या आपके सबूत जनता के लिए भ्रामक हैं।**
एयर मार्शल भारती-पाक अपनी जनता को पहले से कोई जानकारी नहीं दे रहा है। हमारी लड़ाई आतंकियों के साथ है। पाक की कोशिश अपनी कहानियां गढ़ने की है। हमने अपना दिया हुआ टास्क पूरा किया। अगली लड़ाई अलग तरह से लड़ी जाएगी।

**4 आसमान में दोनों के विमान थे। क्या ये सबसे बड़ी आसमानी जंग थी?**
एयर मार्शल भारती-मैंने पहले ही कहा था कि कितने जहाज थे, लड़ाई किस तरह की थी। ये तकनीकी, रणनीतिक जानकारी से जुड़े सवाल हैं। हमें जितना बताना था, हम बता चुके हैं। अगली लड़ाई अलग तरीके से लड़ी जाएगी। हर लड़ाई एक समान नहीं होती है।

## खबर संक्षेप

### केरल: मंदिर परिसर से गायब सोना बरामद

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से गायब हुआ



सोना बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 20 सेंटीमीटर लंबी छड़ के रूप में मौजूद यह सोना मंदिर के अंदर भंडारगृह के पास एक रास्ते पर मिला, जहां (भंडारगृह) इसे रखा गया था। पुलिस के मुताबिक, मंदिर परिसर की तलाशी के दौरान इसे बरामद किया गया।

### पाकिस्तान में फिर भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए। इसमें किसी तरह के जान-



माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान में 29.12 डिग्री उत्तरी अक्षांश औऱ 67.26 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। 5 और 10 मई को भी पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### जम्मू कश्मीर में आज से खुलेंगे स्कूल

**जम्मू।** स्कूल शिक्षा निदेशक ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में आज (13 मई) से राज्य के सभी



गैर-सीमावर्ती जिलों में विद्यालय पुनः खोले जाएंगे। फिलहाल, कुपवाड़ा, बारामुला और बांदीपोरा जिलों के गुरेज उपमंडल में स्थित सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। पूरी तरह से सामान्य होने के बाद ही शिक्षण कार्य बहाल किए जाएंगे। तब तक इन क्षेत्रों में ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी।

भारत को दुनियाभर में मिल रही मान्यता

## जलवायु संरक्षण में भारत की भूमिका अहम, दुनिया ने माना- एशिया का लीडर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जलवायु संरक्षण की दिशा में भारत द्वारा किए जा रहे कामों को पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है। एक वैश्विक मंच ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत ऊर्जा परिवर्तन के मामले में एशिया का नेता बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट ग्रुप की सीईओ हेलेन क्लार्कसन ने सिंगापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, एशिया में ऊर्जा परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका है। यह अपने जलवायु लक्ष्यों में लगातार प्रगति कर रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा पर खासा फोकस किया जा रहा है। हेलेन क्लार्कसन ने कहा पिछले कुछ वर्षों में देखी गई प्रगति के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार है। भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षमता 220 गीगावाट तक पहुंच गई है।



### एशिया आर्थिक और जलवायु संकट से निपटने की राह दिखा सकता है

*क्लार्कसन ने कहा, एशिया एक ही बार में दो बड़े संकटों - आर्थिक और जलवायु - से निपट सकता है, अगर इसके उद्योग और सरकारें स्वच्छ तकनीक, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित ऊर्जा सुरक्षा और डीकार्बोनाइज्ड आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ आगे बढ़ें। एशिया ही वह जगह है जहां बदलाव की जीत होगी या हार होगी। 8 मई को आयोजित क्लाइमेट ग्रुप एशिया एक्शन समिट में एशिया भर के व्यापारिक नेता और नीति निर्माता एक साथ आए। क्लार्कसन ने कहा कि हमें साहसिक नेतृत्व, अभिनव समाधान, रणनीतिक स्वच्छ निवेश और सरकारों की दीर्घकालिक सोच की जरूरत है।*

### जिनेवा में अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की

**जिनेवा।** अमेरिका का चीन के साथ व्यापार समझौता हो गया है। अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट मुझे यह रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है कि हमने संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच बहुत महत्वपूर्ण व्यापार वार्ता में पर्याप्त प्रगति की है। सबसे पहले, मैं अपने स्विस मेजबान को धन्यवाद देना चाहता हूं। स्विस सरकार ने हमें यह शानदार स्थान प्रदान करके बहुत दयालुता दिखाई है और मुझे लगता है कि इससे हमें बहुत अधिक उत्पादकता देखने को मिली है।

ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि हम कल विवरण देंगे। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि वार्ता उत्पादक थी। हमारे साथ उप प्रधानमंत्री, दो उप मंत्री, जो अभिन्न रूप से शामिल थे।

राजदूत जैमीसन और मैं था। मैंने कल रात राष्ट्रपति ट्रंप से बात की, जैसा कि राजदूत जैमीसन ने किया, और उन्हें पूरी जानकारी है कि क्या चल रहा है। इसलिए, आज सुबह (13 मई) को पूरी ब्रीफिंग होगी।

ट्रंप को मिलेगा दुनिया का सबसे मंहगा गिफ्ट

## कतर दे रहा 3400 करोड़ का महल जैसा प्लेन, इसी हफ्ते दौरे पर जाएंगे राष्ट्रपति ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रंप को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपए) है। ट्रंप मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है।

यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रंप को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रंप का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा।



### पद से हटने के बाद भी प्लेन का इस्तेमाल कर सकते हैं ट्रंप

*जानकारी के मुताबिक ट्रंप इस विमान को अस्थायी रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रंप का निजी विमान 'ट्रंप फोर्स वन' एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन गिफ्ट में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है।*

पाक हिरासत में पीके

## 20 दिन गुजरे, बीएसएफ जवान पीके साहू को कब रिहा करेगा पाकिस्तान

**बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से कई बार पाक रेंजर्स के साथ हुई फ्लैग मीटिंग**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत की तरफ से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हो गया है। सीजफायर के बाद हालात सामान्य होने लगे हैं।

वहीं पाकिस्तान की हिरासत में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पीके साहू को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ कांस्टेबल पीके साहू 20 दिन से पाकिस्तान के कब्जे में है। पहलगाम आतंकी हमले का बदला



लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था और पाकिस्तान में घूसकर आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई थी। 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन 23 अप्रैल को फिरोजपुर बॉर्डर पर पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पीके साहू को हिरासत में लिया था। 20 दिन से पीके साहू को रिहा करवाने के लिए बीएसएफ अधिकारियों की तरफ से कई बार पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग भी की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक पीके साहू को छोड़ा नहीं गया है। कि दोबारा दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बैठक के बाद जवान को रिहा किया जा सकता है।

भारत ने दिखाया बड़ा दिल, भारतीय उच्चायोग ने जानकारी दी

## मालदीव को दी 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद

भारत ने मालदीव को बड़ी आर्थिक दी है। भारत से मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की आर्थिक मदद की घोषणा की है। यह जानकारी मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उच्चायोग ने बताया कि भारत ने मालदीव सरकार के अनुरोध पर एक और वर्ष के लिए 5 करोड़ डॉलर (करीब 420 करोड़ रुपए) के ट्रेजरी बिल के रूप में मालदीव सरकार को बजट सहायता दी है। भारत के इस कदम से साफ है कि मौजूदा समय में भारत और मालदीव के बीच संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं।

**मौजूदा समय में भारत और मालदीव के बीच संबंध लगातार बेहतर हो रहे हैं**



फाइल फोटो

### द्विपक्षीय समझौतों का आदान-प्रदान

*इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने वर्चुअल उद्घाटन किया और समझौतों का आदान-प्रदान भी किया। यह समझौते विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए किए गए थे, और इनका उद्देश्य आर्थिक और समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना था। भारत और मालदीव के बीच इस वित्तीय सहायता को लेकर समझौतों का आदान-प्रदान और आभार का यह सिलसिला दोनों देशों के रिश्तों को और गहरा करता है।*

### मालदीव के विदेश मंत्री ने जताया आभार

*मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने भारत के इस फैसले को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी।*

### भारत आए थे मुइज्जू

*मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू बीते साल अक्टूबर में पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए थे। नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी। तब मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा था, यात्रा का एक महत्वपूर्ण परिणाम 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए विजन' को अपनाना था, जो विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109